




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



आवश्यकता है

मीडिया हाउस

में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।

(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)

वेतन चार अंकों में ....

पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई

संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 15 अंक - 27 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 9 नवंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# कांग्रेस पर मतदाताओं का पूरा भरोसा क्योंकि हम जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं- ताम्रध्वज साहू

श्रीकंचनपथ इलेक्शन न्यूज़

भिलाई। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू का चुनाव प्रचार अभियान तेज हो गया है। जनसम्पर्क के दौरान श्री साहू को मतदाताओं का अपार स्नेह व आशीर्वाद मिल रहा है। जगह-जगह उनका स्वागत कर सम्मान किया जा रहा है। श्री साहू ने इस प्रेम व सम्मान के लिए मतदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पर मतदाताओं का पूरा भरोसा है, क्योंकि हम जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं। पिछली दफा हमने किसानों की कर्जमाफी, बिजली बिल आधा करने समेत कई वायदे किए थे, जिन्हें समय पर पूरा किया गया। इस बार फिर कांग्रेस पार्टी ने किसानों की कर्जमाफी, गरीबों के लिए आवास, 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली आदि के अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है। निश्चित रूप से इसका दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं के साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ को फायदा होगा।

कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने दुर्ग ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम बैलोदी, मालूद, नगपुरा, बोरई, दमोदा, खुर्शीडीह, खुरसूल, गनियारी, पिपरछेड़ी एवं महमरा में हर वार्ड में जोन, वार्ड एवं बूथ के पदाधिकारी मतदाताओं से सीधा संपर्क कर उन्हें कांग्रेस के पक्ष में वोट करने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री साहू स्वयं साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। हर मतदाता से सीधा संपर्क कर उन्हें विकास कार्यों की जानकारी दे रहे हैं।

आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार बनने पर जनता के हित में क्या कार्य किए जाएंगे यह भी जानकारी दी गई। जनसंपर्क के दौरान विधायक प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने सभा को संबोधित करते हुए पिछले 5 वर्ष में क्षेत्र में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। इनमें प्रमुख रूप से विधानसभा के अंतर्गत सभी सड़क, कालेज, सीसी सड़क, पानी, बिजली, नवीन स्कूल भवन, पुल-पुलिया,अंग्रेजी माध्यम स्कूल, सामुदायिक भवनों का निर्माण शामिल हैं। श्री साहू ने कहा कि लोगों का उत्साह बता रहा है कि कांग्रेस सरकार पूर्ण बहुमत से पुन: सरकार बना रही है। भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में 7,000 की जगह अब 10,000 रूपए सालाना दिए जाएंगे। केजी से पीजी तक नि:शुल्क शिक्षा मिलेगी, इसमें मेडिकल और इंजीनियरिंग की शिक्षा भी शामिल है।

इसके अलावा गैस सिलेंडरों पर 500 रूपए प्रति सिलेंडर सब्सिडी महिलाओं के खातों में जमा होगी। 200 यूनिट तक मिलेगी बिजली मुफ्त, 17.5 लाख गरीब परिवारों के लिए खुद का आवास, गरीब परिवारों को 10 लाख तक व एपीएल परिवारों को 5 लाख तक इलाज की सहायता प्रदान की जाएगी।





## कांग्रेस की गारंटियों का मिलेगा सीधा लाभ

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश की जनता के हित में कई गारंटियों की घोषणा की है जिसका निश्चित रूप से आने वाले समय में राज्य की जनता को सीधा लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने अपनी सभाओं के दौरान कई गारंटियां दी थी। इसमें 17.5 लाख परिवारों को आवास देना, प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी, जागित जनगणना करवाना और अंत में किसानों का एक बार फिर कर्ज माफ करने की गारंटी शामिल है। इन गारंटियों के पास पार्टी ने अपना चुनाव घोषणा-पत्र भी जारी किया, जिसका लाभ प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर आम मतदाताओं को मिलेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष केश शिल्प बोर्ड के नंदकुमार सेन, जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू, मोहन हरमुख, अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ रिवेंद्र यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष मुकुंद पारकर, जनपद सदस्य सरस्वती सेन, नोहर साहू, सोसायटी अध्यक्ष रोहित साहू, राजेश्वरी, रविंद्र सिन्हा, कैलाश सिन्हा, ताम्रध्वज सिन्हा, सरपंच अश्वनी यादव, विक्टोरिया दिल्लीवार, प्यारी निषाद सहित कांग्रेस कार्यकर्ता सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## गरीबों को मिलेगा आवास

श्री साहू ने कहा कि केन्द्र सरकार के मनमाने रवैय्ये के चलते भूपेश बघेल की अगुवाई वाली कांग्रेस की सरकार ने निर्णय लिया कि वह राज्य के गरीबों को स्थानीय स्तर पर ही आवास उपलब्ध कराएगी। केन्द्र सरकार आवास योजना के तहत धन दे या न दे, हम गरीबों को आवास अवश्य देंगे। इसके लिए हमने 17.5 लाख परिवारों को आवास देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। कांग्रेस की राज्य में फिर से सरकार बनने के बाद इस पर काम शुरू हो जाएगा। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार का पूरा फोकस गांव, गरीब और किसान रहे हैं। अबकी बार भी इसे ही ध्यान में रखकर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद हमने जमीनी स्तर पर जो योजनाएं बनाईं, उसका सबसे ज्यादा लाभ ग्रामीणों, किसानों और मजदूरों को ही मिला। श्री साहू का कहना था कि छत्तीसगढ़ की 60 प्रतिशत से ज्यादा आबादी खेती किसानी के काम से जुड़ी हुई है। इतने बड़े वर्ग की पूर्ववर्ती सरकारें लगातार उपेक्षा करती रही। उन्हें धान खरीदी और बोनस के नाम पर ठगा जाता रहा। किसानों को अंधकार में रखा गया। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

## ललित का वायदा,- रहूंगा सुख-दुख का साथी

इधर, दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के उतई मंडल क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी ललित चन्द्राकर ने विभिन्न गाँवों में पहुंचकर आम लोगों से मुलाकात की व घर-घर जाकर कमल फूल में बटन दबाकर भाजपा को जिताने बड़े बुजुर्गो, महिलाओं व युवा मतदाताओं से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी को जनता का अपार जन समर्थन मिला। मतदाताओं ने आश्वास्त किया कि छत्तीसगढ़ और क्षेत्र के विकास के लिए कमल खिलाएंगे। ग्राम वासियों से मिले आशीर्वाद व स्नेह को भाजपा प्रत्याशी ललित चन्द्राकर ने सम्मान पूर्वक ग्रहण करते हुए कहा कि काँग्रेस ने पाँच वर्षों के शासन में दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में विकास के नाम पर केवल भ्रष्टाचार किया, उनके कृत्यों को जनता जान चुकी है। अब और बर्दाशत नहीं करेगी। उन्होने कहा कि सच्चे जन सेवक बनकर आपका सुख-दुख में सहभागी रहूंगा व विकास के प्रति जागरूक होकर काम करूंगा।

# एक कदम और आगे बढ़ा लोकतंत्र

श्रीकंचनपथ




लोकतंत्र के स्वास्थ्य के भी अपने पैमाने होते हैं. सबसे बड़ी चुनौती होती है शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना। इसके लिए न केवल मतदाताओं के बीच जागरूकता लाने की कोशिशें होती हैं बल्कि उनके लिए मतदान प्रक्रिया को सरल और संभव बनाने की भी कोशिशें की जाती हैं। इस लिहाज से छत्तीसगढ़ में इस साल निर्वाचन प्रक्रिया ने एक कदम और आगे बढ़ा दिया है। बस्तर की 12 अतिसंवेदनशील सीटों में इस बार 126 नए बूथ बनाए गए। पहली बार बनाए गए इन बूथों में भारी मतदान हुआ। चित्रकोट के कलैपाल में 2018 में 3.68 के मुकाबले इस बार 65.30 प्रतिशत मतदान हुआ। केशकाल में कुए व भंडारपाल बूथ में क्रमश: 72.41 और 83.69 प्रतिशत मतदान हुआ। पिछले लोकसभा चुनाव में यहां मतदान ही नहीं हुआ था। जगदलपुर के चांदामेटा नए बूथ में 62.90 प्रतिशत मतदान हुआ। कांकेर के चार नए बूथों चिवराज में 90.45, पथरी नाला में 92.20, महेशपुर में 96.09 और रावस में 91.13 प्रतिशत वोट पड़े। कोंटा के मानकापाल में पिछले विधानसभा चुनाव के 7.61 प्रतिशत के मुकाबले इस बार 70.02 प्रतिशत मत पड़े। करिगंडम में भी मतदान 1.98 से बढ़कर 68.22 प्रतिशत हो गया। इस बार चुनाव कार्यों में महिलाओं ने बड़ी भूमिका निभाई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सीनियर आईएएस रीना बाबा साहब कंगाले के नेतृत्व में कराए जा रहे निर्वाचन में पांच जिलों में चुनाव की जिम्मेदारी महिलाओं पर है। इनमें सारंगढ़ में फरिहा आलम सिद्दीकी, जांजगीर-चांपा में ऋचा प्रकाश चौधरी, कांकेर में डॉ प्रियंका शुक्ला, सक्ती में नूपुर पन्ना राशिऔर पेंड्रा -गौरेला- मरवाही में प्रियंका ऋषि महोबिया पर निर्वाचन का मुख्य भार है। सीईओ कार्यालय में अतिरिक्त सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की कमान शारदा अग्रवाल, रश्मि वर्मा और अर्चना पांडे, तहसीलदार डॉ। अंजली शर्मा सहित कई महिलाओं ने संभाल रखी है। वित्तीय कार्य संयुक्त संचालक वित्त कामना सराफव उप संचालक अदिति वासनिक कर रही है। शारदा अग्रवाल एमसीएमसी का कार्य देख रहीं हैं। पहले चरण के मतदान में 21 रिटर्निंग अधिकारी, 36 सहायक रिटर्निंग अधिकारी समेत 16 हजार 808 महिला मतदान कर्मी भी शामिल थीं। 2794 पीठासीन अधिकारी व सहायक पीठासीन अधिकारी महिलाएं हैं। मीडिया सेल की कमान रचना दुबे, मीरा पाठक, प्रीति पंड्या ने संभाली वहीं मंजुल वी जॉन, देवयानी शुक्ला, तृप्ति विश्वनाथ, निशा मिश्रा, डॉ। अल्पना तिवारी, वर्षा रानी गुप्ता ने ट्रांसलेटर की जिम्मेदारी संभाली। 900 संगवारी बूथों पर सभी कार्य महिलाओं ने संपादित किया। निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी तो इसका असर मतदान प्रतिशत पर भी पड़ा। आम धारणा है कि लोग बढ़चढ़कर मतदान तब करते हैं जब उन्हें सरकार बदलनी हो। पर यह केवल आधा सच है। मतदान तब भी अधिक होता है जब मतदान के लिए स्थितियां अनुकूल हों। पहली बार बनाए गए बूथों में हुआ भारी भरकम मतदान इसकी पुष्टि करता है। उम्मीद है कि समतल के शहरी क्षेत्रों में भी यह रुझान बरकरार रहेगा। ऐसा हुआ तो यह छत्तीसगढ़ की एक और उपलब्धि होगी।

# ट्रांसजेंडरों को आरक्षण दिए जाने की तैयारी, जिलों में कराया जा रहा आर्थिक व सामाजिक स्थिति का सर्वे

**लखनऊ ( एजेंसी )।** यूपी में ट्रांसजेंडरों को आरक्षण दिए जाने की तैयारी है। इसके लिए सभी जिलों में उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति का सर्वेक्षण कराया जा रहा है। उनका पंजीकरण कराकर सही संख्या का पता लाने का प्रयास भी हो रहा है। हालांकि, वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, उत्तर प्रदेश में ट्रांसजेंडरों की 137465 है। इनकी वास्तविक संख्या इससे कहीं ज्यादा बताई जा रही है।



सुप्रीम कोर्ट काफी पहले ही केंद्र व राज्य सरकारों को निर्देश दे चुका है कि ट्रांसजेंडरों को सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के रूप में मानने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं और सभी प्रकार के आरक्षण का विस्तार करें। ताकि, शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश और सार्वजनिक नियुक्तियों में उन्हें भी वाजिब हक मिल सके। समय रहते राज्यों की ओर से इस मामले में समुचित निर्णय न लिए जाने पर सुप्रीम कोर्ट में अवमानना का केस भी विचाराधीन है।

शासन के उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में आवश्यक डाटा जुटाने और ट्रांसजेंडरों का भारत सरकार के पोर्टल www.transgender.dosje.gov.in पर पंजीकरण के लिए सभी जिलाधिकारियों को जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं। इसमें यह भी देखना है कि ट्रांजेंडरों का अपने परिवार से समुदाय क्या है। क्या वे समाज में उपेक्षित महसूस करते हैं। वे किन योजनाओं में भागीदारी चाहते हैं। आवासीय स्थिति क्या है। स्वास्थ्य संबंधी आम समस्याएं क्या हैं और उनके इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में क्या सुविधा उपलब्ध रहती है।

शासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत प्रदेश में किन्नरों को आरक्षण दिए जाने पर विचार किया जा रहा है। डीएम को जिलास्तर पर मेडिकल बोर्ड बनाने के लिए भी कहा जा रहा है, ताकि ट्रांसजेंडरों को आसानी से संबंधित प्रमाणपत्र जारी हो सके। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें पिछड़ा वर्ग में रखे जाने के निर्देश दिए हैं, इसलिए आगे की प्रक्रिया पूरी करने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को भी पत्र भेजा चुका है।

## मध्य प्रदेश में मिल चुका है ओबीसी आरक्षण

मध्य प्रदेश में ट्रांसजेंडरों को ओबीसी वर्ग में शामिल हो चुके हैं। इसके तहत उन्हें सरकारी भर्ती में 14 फीसदी आरक्षण का लाभ भी मिल रहा है।







## संपादकीय

### कैसे रुके प्रदूषण

उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण से हुआ बुरा हाल दुखद है। प्रदूषण से स्थिति इतनी खराब हो गई है कि दिल्ली सरकार ने बुधवार को सभी स्कूलों में 18 नवंबर तक के लिए अवकाश की घोषणा कर दी है। वैसे निचली कक्षाएं तो 3 नवंबर से ही नहीं लग रही हैं। इसे शीतकालीन छुट्टियां कहा जा रहा है, पर वास्तव में ये प्रदूषणकालीन छुट्टियां हैं। राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण लगातार 'गंभीर' श्रेणी में बना हुआ है। दीपावली तक प्रदूषण घटने की कोई उम्मीद नहीं है, इसके बाद ही प्रदूषण-रोधी नियमों को ठीक से लागू किया जाएगा और पराली जलाने की घटनाओं में भी कमी आएगी। हालांकि, ज्यादातर स्कूल ऑनलाइन कक्षाएं चलाएंगे और यह जरूरी भी है। कोरोना और लॉकडाउन ने ऑनलाइन पढ़ाई की क्षमता विकसित कर दी है और इसका लाभ लेने में कोई हर्ज नहीं है। अवकाश प्रदूषण से बचने-बचाने के लिए मंजूर हुए हैं, पर इसका मतलब यह नहीं कि बच्चे पढ़ना और शिक्षक पढ़ाना छोड़ दें। स्कूलों को सुनिश्चित करना होगा कि पढ़ाई में नुकसान न हो। शिक्षा केवल भविष्य से जुड़ा विषय नहीं है, यह रोजगार से भी जुड़ा क्षेत्र है, अतः प्रदूषण व अवकाश का कम से कम असर शिक्षा पर पड़ना चाहिए।

> "क्या पंजाब या हरियाणा में भी बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है? वहां शायद दिल्ली की तरह पढ़ाई प्रभावित नहीं हो रही है, पर वहां लोगों का स्वास्थ्य तो खतरनाक रूप से प्रभावित हो रहा होगा। क्या वहां के लोग इस बारे में सोच रहे हैं?

दिल्ली और उसके आसपास के शहरों में जो धुआं व्याप्त है, उसमें एक तिहाई योगदान पराली का बताया जा रहा है। क्या पंजाब या हरियाणा में भी बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है? वहां शायद दिल्ली की तरह पढ़ाई प्रभावित नहीं हो रही है, पर वहां लोगों का स्वास्थ्य तो खतरनाक रूप से प्रभावित हो रहा होगा। क्या वहां के लोग इस बारे में सोच रहे हैं? क्या वहां की सरकारें लोगों के स्वास्थ्य के प्रति पर्याप्त रूप से जागरूक हैं? मोटे तौर पर हवा में प्रदूषण की मात्रा सुरक्षित सीमा से सात से आठ गुना अधिक हो गई है। कुछ पैमानों पर तो दिल्ली में हवा सुरक्षित सीमा से 30 से 40 गुना अधिक है। गंगा के मैदानी इलाकों के कई शहरों में हवा की गुणवत्ता खतरनाक बनी हुई है। यह बात बार-बार दोहराने की जरूरत है कि यह प्रदूषण सामान्य नहीं, जानलेवा है। ध्यान रहे, करोड़ों लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है, सुबह-शाम गुलजार रहने वाले उद्यान सूने पड़ गए हैं, लोगों का बाहर टहलना तक बंद हो गया है। ऐसे में, जीवन शैली से जुड़ी अन्य बीमारियों को भी मौका मिलेगा। अच्छी बात है, एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय ने प्रदूषण का संज्ञान लिया है और तमाम सरकारों को फटकारते हुए उचित ही कहा है कि इस मुद्दे पर हर समय राजनीतिक लड़ाई नहीं हो सकती। शीर्ष अदालत ने पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि पराली जलाने पर तत्काल रोक लगाई जाए। अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा है कि वह प्रदूषण के कारण लोगों को मरने नहीं दे सकती। दिल्ली आगे बढ़कर हरियाणा को जिम्मेदार ठहराए और हरियाणा ठीकरा पंजाब के माथे फोड़ दे, अब तक यही तो चलता आ रहा है। यह आम लोगों के लिए भी जागने का समय है। सबको अपने गिरेबान में झांकना चाहिए कि वह इस प्रदूषण में कितना योगदान दे रहा है? महात्मा गांधी ने इस देश के आम लोगों को बहुत पहले ही आगाह किया था कि सिर्फ सरकार के भरोसे मत रहना। वाकई, प्रदूषण की चुनौती बहुत बड़ी हो गई है और हमें सोचना चाहिए कि हम व्यक्तिगत रूप से और सम्मिलित रूप से भी अपने प्रदेश, देश के लिए क्या कर सकते हैं!

## साख नहीं, तो क्या बचा?

अगर लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी की बात सच है, तो फिर यही कहा जाएगा कि पारदर्शिता और सहमति की भावना का उल्लंघन करते हुए सरकार ने मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) की नियुक्ति कर दी। चौधरी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर शिकायत की है कि जिस बैठक में हीरालाल समारिया को सीआईसी बनाने का फैसला हुआ, उसमें वे उपस्थित नहीं थे, क्योंकि नए सिरे से तय हुई नियुक्ति समिति की बैठक के बारे में उन्हें सूचित नहीं किया गया था। प्रावधान यह है कि सीआईसी की नियुक्ति वह कमेटी करेगी, जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता, और एक केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। ऐसी परिस्थिति में अगर सरकार विपक्ष की राय दरकिनार करने को ठान ले, तो वह आसानी से ऐसा कर सकती है। फिर भी यह अपेक्षा तो रहती ही है कि तय प्रावधान का- उसकी भावना के मुताबिक पालन किया जाए। सिर्फ तभी नियुक्त व्यक्ति- और प्रकारांतर में जिस संस्था का प्रमुख उसे बनाया गया है, उसकी साख लोगों की निगाह में बनी रह सकती है। मगर यह साफ है कि मौजूदा केंद्र सरकार इस सामान्य जन अपेक्षा का आदर भी करने को तैयार नहीं है। इसीलिए वर्तमान सरकार के कार्यकाल में संस्थाओं की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता में भारी गिरावट की शिकायतें आम होती गई हैं। इन सबका सकल परिणाम लोकतंत्र के पैमानों पर भारत का दर्जा गिरने के रूप में सामने आया है। बेशक, इन सबके बावजूद सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी मोटे तौर पर मतदाताओं एक बहुत बड़े तबके में अपना आधार बनाए रखने में अब तक कामयाब है। इससे उसे चुनावी सफलताएं मिलती रही हैं। मगर सिर्फ चुनावी बहुमत प्राप्त करना लोकतंत्र नहीं है। अवरोध एवं संतुलन की मजबूत व्यवस्था, पारदर्शिता, और मर्यादाओं का सम्मान उसके अभिन्न घटक हैं। इनके बिना चुनावी बहुमत बहुसंख्या की तानाशाही का रूप ले लेता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विवेकशील विश्व जनमत का एक बड़ा हिस्सा आज भारत को इसी रूप में देख रहा है। इस धारणा को दूर करने की जरूरत है। सरकार को समझना चाहिए कि संस्थाओं की साख है, तभी तक लोकतंत्र है।

## कट्टर ईमानदार इस्तीफा नहीं देते हैं

कट्टर ईमानदारी की परिभाषा बदल गई है। दस साल पहले तक कट्टर या सामान्य रूप से ईमानदार या जनमानस में बेईमान ब्रांड कर दिए गए नेता भी कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा गिरफ्तार किए जाने पर इस्तीफा दे देते थे। लेकिन अब कट्टर ईमानदार होने का मतलब है कि चाहे कुछ भी हो जाए इस्तीफा नहीं देना है। इस्तीफा दे दिया तो ईमानदार नहीं माना जाएगा। एक सिद्धांत के रूप में भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी दोनों ने इसे स्वीकार किया है। भाजपा ने पहले कहा था कि अब की भाजपा में इस्तीफे नहीं होते हैं, आरोप चाहे कितने भी संगीन हों। इसी बात को अरविंद केजरीवाल ने आत्मसात किया और उन्होंने भी इस्तीफे आदि का चलन खत्म कर दिया।

कुछ समय पहले जब दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया गया तो थोड़े दिन के बाद उनको मंत्री पद से हटाया गया और उनके साथ ही सत्येंद्र जैन को भी हटाया गया। लेकिन इसका राजनीतिक नैतिकता या शुचिता से कोई लेना-देना नहीं है। सिसोदिया की गिरफ्तारी से कई महीने पहले से सत्येंद्र जैन जेल में थे और मंत्री भी थे। दोनों को इसलिए हटाया गया क्योंकि दिल्ली में मुख्यमंत्री सहित सात ही मंत्री बन सकते हैं। चूंकि अरविंद केजरीवाल अपने पास कोई मंत्रालय रखते नहीं हैं इसलिए चार मंत्रियों से सरकार चलाना मुश्किल होता। तभी उन दोनों को हटा कर सौरभ भारद्वाज और आतिशी को मंत्री बनाया गया। अब आम आदमी पार्टी के विधायकों की बैठक में तय किया गया है कि अगर शराब नीति घोटाले में प्रवर्तन निदशालय यानी ईडी द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाता है तब भी वे मुख्यमंत्री बने रहेंगे। वे जेल में रहेंगे तो जेल से ही सरकार चलाएंगे। जेल में ही कैबिनेट की बैठक होगी। इस फैसले के पीछे की मानसिकता यही है कि अगर इस्तीफा दिया तो इसका मतलब आरोपों को स्वीकार करना होगा।

> "फसल कटाई का काम आज कम्बाइंड हारवेस्टर करते हैं। हमारे यहां बेचे जाने वाले हारवेस्टर जिस बनावट के हैं, उनसे फसल की बालियां ऊपर से कटती हैं। नतीजतन, लंबी संटी का पुआल नीचे छूट जाता है। किसानों के लिए लागत कम रखने का आसान तरीका यही है कि इसे जला दें। अब तक इस पर ध्यान नहीं गया है कि हारवेस्टर की बनावट में ऐसे बदलाव किए जाएं, जो फसल को नीचे से काट सकें।

# हर साल खराब हवा और खानापूर्ति

सोपान जोशी, विज्ञान और पर्यावरण पत्रकार

दिल्ली में सांस लेना दूभर हो गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने राजधानी की दूषित हवा का मामला अपनी अगुवाई में सुनना शुरू किया है। पर्यावरण की बातें किसी भी राजनीतिक दल के लिए चुनावी मुद्दा नहीं होतीं, इसलिए वे इनको टालने की कोशिश करते हैं, किंतु इस बार बाजी पलट चुकी है। न्यायतंत्र की सबसे शक्तिशाली पीठ ने तय कर लिया है कि साफहवा केवल सरकारी नीति का मसला नहीं है, यह बुनियादी अधिकारों का मामला भी है। न्यायालय को यह ताकत मिली है पर्यावरण संरक्षण कानून (1986) से। न्यायाधीश आए दिन सरकारी अफसरों को फटकार लगा रहे हैं, बार-बार यह जता रहे हैं कि वायु प्रदूषण रोकने के लिए कारगर कदम उठाने ही पड़ेंगे। अब सत्ता-तंत्र को वे काम करने पड़ेंगे, जिनकी सलाह स्वतंत्र विशेषज्ञ दे रहे हैं।

यह बात सन 1996 से 2001 के बीच की है। न्यायालय में यह मामला सालों-साल चला। इससे दिल्ली में अपूर्व परिवर्तन हुए। डीजल से चलने वाली बसों और सार्वजनिक वाहनों को बंद किया गया। सार्वजनिक यातायात को सीएनजी पर डाला गया। दिल्ली में मेट्रो रेल बनाने में तेजी आई। बस कॉरिडोर बने। कई दूसरे बदलाव भी किए गए। दिल्ली की हवा साल 2000-2010 के दशक में बेहतर हुई। इस प्रयोग को खूब प्रशंसा भी मिली।

मगर अगले दशक में कहानी वापस वहीं पहुंच गई। हाल ही में शीर्ष अदालत ने सरकारी महकमों को फिर फटकार लगाई है। इतना खर्च उठाकर सार्वजनिक यातायात को बदलने के बाद हम कुछ वैसी ही जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं, जैसी आबोहवा में 25 साल पहले लेते थे। हां, एक बड़ा अंतर आया है। पंजाब व हरियाणा जैसे राज्यों में फसल-कटाई के बाद जो पुआल या पराली बचती है, वह पहले पशुओं के चारे में काम आती थी, पर आज किसानों को उतने मवेशियों की जरूरत नहीं है, क्योंकि खेती के मशीनीकरण को बढ़ावा मिला है। आज गाय-बैल और सांड़ राजमार्गों और सड़कों के किनारे कचरे में मुंह मारते फिरते हैं। मवेशियों के चारे की कीमतें बढ़ चुकी हैं, पर किसानों के पास इतना धन नहीं है कि पुआल की हाथ से कटाई करके चारा बना सकें।

फसल कटाई का काम आज कम्बाइंड हारवेस्टर करते हैं। हमारे यहां बेचे जाने वाले हारवेस्टर जिस बनावट के हैं, उनसे फसल की बालियां ऊपर से कटती हैं। नतीजतन, लंबी संटी का पुआल नीचे छूट जाता है। किसानों के लिए लागत कम रखने का आसान तरीका यही है कि इसे जला दें। अब तक इस पर ध्यान नहीं गया है कि हारवेस्टर की बनावट में ऐसे बदलाव किए जाएं, जो फसल को नीचे से काट सकें।



हां, प्रदूषण के स्रोत को लेकर नाना प्रकार की छींटाकशी जरूर हो रही है। अपने आप को किसानों का हितैषी बताने वाले कहते हैं कि पड़ोसी राज्यों में पुआल जलाने से दिल्ली के प्रदूषण में बहुत हल्की बढ़ोतरी होती है, इसके असली कारण कुछ और हैं। किसी को बारूदी आतिशबाजी में मासूमियत दिखती है, धार्मिक उत्सवप्रियता भी! ऐसी बहसबाजी आसान है। जबकि, यह सभी जानते हैं कि मौसमी बुखार की तरह यह समस्या अगले साल भी आएगी। ऐसी ही बहसें फिर से होंगी, क्योंकि असली सवाल पर हमारा ध्यान जाता ही नहीं है। हम इस समस्या का निदान और हल क्यों नहीं निकाल पाते? इतने वर्षों में इतने सारे साधन लगाने और कष्ट उठाने के बाद भी? याद रखिए, राजधानी से अधिक साधन कहीं नहीं हैं, यहां से ज्यादा ध्यान किसी दूसरी जगह पर नहीं जाता। अगर दिल्ली में इसका उपाय नहीं है, तो दूसरे शहर क्या करेंगे? विश्व के सबसे प्रदूषित नगरों में भारत के शहर शीर्ष स्थानों पर आते हैं।

कारण? पर्यावरण से जुड़े सभी मामले बेहद पेचीदा होते हैं। हमारा कुल ज्ञान हमारे आस-पास से आता है, लोगों पर आधारित होता है। तभी तो जिसकी जैसी मान्यता हो, वह प्रदूषण का ठीकरा उसी हिसाब से फोड़ता है। पर्यावरण की समस्याएं हमारे ज्ञान ही नहीं, किस्से-कहानियों की कल्पनाओं से भी बड़ी हैं। इन्हें जानने-समझने में ढेर सारा धीरज लगता है, खूब सारी साधना लगती है, अपने ज्ञान-अज्ञान के प्रति विनम्रता चाहिए होती है।

राजनीति के लिए यह सब बेकार की बातें हैं। तभी दुनिया भर की सरकारें पर्यावरण को बिगड़ने से रोकने में रुचि नहीं रखतीं। वे केवल खानापूर्ति करती हैं। राजनेताओं को यह ठीक से पता है कि पर्यावरण की समस्याओं को सुलझाने के लिए क्या करना जरूरी है, लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि अगला चुनाव कैसे जीतें? राजनीतिक दलों का अस्तित्व चुनाव से है। उनके लिए यह भुलाए रहना बड़ा आसान है कि हम सभी का अस्तित्व पर्यावरण से ही है। राजनीति की दृष्टि संकीर्ण और अल्पकालिक होती है, चाहे वह नैतिकता की कितनी ही बड़ी-बड़ी बातें क्यों न करे।

पर्यावरण की समस्याएं दशकों में, शताब्दियों में बनती हैं। उनको ठीक करने के लिए उतनी ही लंबी साधना करनी पड़ती है, अपने ज्ञान की सीमा के प्रति विनम्रता बरतनी पड़ती है। इस दौरान बहुत से चुनाव आ जाते हैं। हर चुनाव के लिए औद्योगिक विकास के कई वादे हर दल को करने पड़ते हैं। चुनाव का चंदा पाने के लिए उद्योगों के एहसान उठाने पड़ते हैं। तभी तो लोगों की पाई-पाई का हिसाब रखने वाली व्यवस्था न्यायालय के सामने यह कहती है कि नागरिकों को राजनीतिक चंदे का स्रोत जानने का अधिकार नहीं है। जीतने वाले दलों को चंदा देने वाले उद्योगों को प्राकृतिक संसाधन सौंपने ही पड़ते हैं, चाहे उससे समाज और पर्यावरण का कितना भी नुकसान क्यों न हो?

हमारे लोकतंत्र का सच यही है। इसे न तो कोई नीति बदल सकती है, और न बड़े से बड़ा अदालती निर्देश। इसे बदलने के लिए जो जोखिम उठाने पड़ेंगे, उसके लिए हमारी राजनीति तैयार नहीं है। हम तैयार नहीं हैं। जहरीली हवा में सांस लेना कितना भी खतरनाक क्यों न हो, हमारी राजनीति के लिए यह एक अल्पकालिक मौसमी असुविधा भर है। सुविधाओं के विकास की छोटी-सी कीमत! जब तक हम यह कीमत चुकाने के लिए तैयार रहेंगे, तब तक हर मौसम की पर्यावरण की त्रासदी चलती रहेगी। बाढ़, सूखा, भूस्खलन, लू, शीत लहर, वायु प्रदूषण... यह हमारे गलत आर्थिक विकास का नया ऋतु चक्र है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# भूख की भ्रामक वैश्विक रैंकिंग को नजरअंदाज किया जाए

सौम्य कांति घोष, मुख्य आर्थिक सलाहकार, एसबीआई

भारत ने छह वर्ष तक के बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह कार्यक्रम उनके उचित मनोवैज्ञानिक, शारीरिक और सामाजिक विकास की नींव रखता है। भारत कम वजन वाले बच्चों की तेजी से पहचान करने, उनमें बौनेपन और कमजोरी की पहचान करने, पोषण सेवा वितरण की अंतिम पहुंच तक निगरानी करने के लिए एक महत्वाकांक्षी पोषण प्रौद्योगिकी- पोषण ट्रैकर का भी लाभ उठा रहा है। भले ही भारत स्वास्थ्य के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है, लेकिन विरोधाभासी रूप से ग्लोबल हंगर इंडेक्स (जीएचआई) ने भारत को 125 देशों में 111वें स्थान पर रखा है, यानी भारत को निचले 15 देशों में शुमार किया गया है। इसके अलावा, विश्व प्रसन्नता सूचकांक में भी भारत 136 देशों की सूची में 126वें स्थान पर है, फिर से निचले 15वें स्थान पर है। दिलचस्प बात यह है कि फिलिस्तीन 99वें स्थान पर है।

एक पल के लिए ऐसी रैंकिंग को भूल जाएं और इसके बजाय भूख के पैमाने पर भारत की प्रगति को देखें। विश्व की ही गति से भारत में भी भुखमरी कम हो रही है। विश्व में जीएचआई स्कोर साल 2000 में 28 से घटकर 2023 में 18.3 हो गया है। इसकी तुलना में भारत ने भूख को साल 2000 में 38.4 से घटाकर साल 2023 में 28.7 कर दिया है। इस प्रकार, भारत और दुनिया, दोनों ने भूख में 9.7 अंकों की कमी की है। दिलचस्प है कि साल 2010 के बाद भारत ने दुनिया की तुलना में ज्यादा तेजी से भुखमरी कम की है।



इसके अलावा, अगर जीएचआई स्कोर को पोषण ट्रैकर के आधार पर मापा जाए, तो पांच साल से कम उम्र की श्रेणी में 'स्टंटिंग' और पांच साल से कम उम्र में 'वेस्टिंग' के मोर्चे पर भारत की रैंक कम से कम 20 स्थान तक ऊपर आ सकती है। यहां सवाल उठता है कि आखिर 'ग्लोबल हंगर इंडेक्स' मापने के लिए भारत के इस आंकड़े का उपयोग क्यों नहीं किया गया है? 'स्टंटिंग' मतलब अपनी उम्र से कम दिखना, यानी बौनापन और 'वेस्टिंग' का मतलब होता है, बढ़ती उम्र के साथ कमजोर होते चले जाना या लंबाईके मुकाबले कम वजन, भारत इन दोनों ही मोर्चों पर उतना खराब नहीं है, जितना उसे बताया जाता है।

आखिर जीएचआई को कैसे मापा जाता है? पहला पैमाना, जनसंख्या में अल्पपोषितों का अनुपात, दूसरा, पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर, तीसरा, पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों का समय के साथ कमजोर होते जाना और चौथा, पांच साल से कम उम्र में स्टंटिंग, यानी अपनी उम्र से कमतर दिखना। अल्पपोषण का अनुपात ही पूरी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने वाला एकमात्र कारक है, जबकि शेष तीन कारक पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के आधार पर तय किए जाते हैं।

यदि अकेले अल्पपोषण पर विचार किया जाए, तो 2023 जीएचआई स्कोर में कम से कम 41 देश भारत से पीछे हैं। पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर के मामले में भी 56 देश भारत से पीछे हैं। जीएचआई पद्धति भारत को पांच साल से कम उम्र के बच्चों में स्टंटिंग और वेस्टिंग के मामले में फिसड्डी दिखाती है। क्या बौनापन या दुबलापन वास्तव में भूख या कुपोषण की वजह से ही होता है? क्या इसमें आनुवंशिकी भी प्रमुख भूमिका नहीं निभाती है? वास्तव में, 60 से 80 प्रतिशत लंबाई के लिए अकेले जीन जिम्मेदार हैं। उम्र के हिसाब से लंबाई की तुलना करना सेब की तुलना संतरे से करने के समान है। इसके बजाय, एक समूह के भीतर ही ऊंचाई या बौनेपन या दुबलेपन की तुलना होनी चाहिए। पांच साल से कम उम्र में वेस्टिंग के मामले में भारत को जीएचआई सैंपल में सबसे नीचे रखा गया है, लेकिन पोषण ट्रैकर के आधार पर देखें, तो दुनिया के 38 देश भारत से पीछे हैं।

अगर ईमानदार आकलन किया जाए, तो निश्चित रूप से भूख के मामले में हम खुद को नीचे के बजाय बीच में पाएंगे। जीएचआई जैसे आकलन न केवल भ्रम पैदा करते हैं, बल्कि हमारे यहां दशकों से चल रहे प्रयासों को कमजोर भी करते हैं, इसलिए हमें ऐसे सूचकांकों या रैंकिंग से परेशान हुए बिना पोषण सुधार की दिशा में सकारात्मक रूप से काम करते रहना चाहिए।

**( साथ में अर्थशास्त्री अनुराग चंद्रा )**

# भाजपा भी जात राजनीति के खेल में

अजीत द्विवेदी

भारतीय जनता पार्टी व्यापक रूप से जाति की राजनीति को हिंदुत्व की राजनीति का विरोधी मानती रही है। तभी वह जातीय समीकरण बनाने, सोशल इंजीनियरिंग करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जाति बता कर वोट मांगने के बावजूद एक बड़ा नैरेटिव हिंदुत्व का बना कर रखती है। उसके दायरे में ही वह जाति की राजनीति करती है। कह सकते हैं कि उसकी बारीक राजनीति जाति के प्रबंधन वाली होती है और बड़ी राजनीति हिंदुत्व की होती है। परंतु अब कांग्रेस और उसके गठबंधन की पार्टियों द्वारा जाति के मुद्दे को राजनीति का केंद्रीय मुद्दा बना देने के बाद लगता है कि भाजपा भी खुल कर यह राजनीति करेगी। तभी यह राजनीति का बिल्कुल नया और बहुत दिलचस्प दौर होगा, जिसमें मंडल और कमंडल की राजनीति का टकराव नहीं होगा, बल्कि मंडल की राजनीति का स्पेस लेने के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' और भाजपा गठबंधन एनडीए के बीच टकराव होगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाल के दो भाषणों से इसका बहुत स्पष्ट संकेत मिला है। उन्होंने पहले छत्तीसगढ़ की एक रैली में कहा कि भाजपा जाति गणना की विरोधी नहीं है। इसके बाद वे बिहार में भाजपा की एक रैली को संबोधित करने गए तो बहुत खुल कर जाति की राजनीति पर बोले। उन्होंने कहा कि बिहार में जाति गणना का फैसला हुआ तो भाजपा भी राज्य सरकार का हिस्सा थी और इस वजह से यह फैसला भाजपा का था। यह बात पहले बिहार प्रदेश के भाजपा के नेता कह रहे थे। पहली बार अमित शाह ने खुल कर जाति गणना की बात की और उसका श्रेय भाजपा को दिया। सो, छत्तीसगढ़ और उसके बाद बिहार में उनके भाषण से यह अंदाजा हो रहा है कि भाजपा अगले लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन का मुकाबला करने के लिए उसकी पिच पर जाकर खेलने की तैयारी कर रही है।



ध्यान रहे अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री हैं और जनगणना का मुद्दा उनके मंत्रालय के तहत आता है। उन्होंने कहा हुआ है कि 2021 की जनगणना 2024 के लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद होगी। सवाल है कि क्या वे लोकसभा चुनाव से पहले यह घोषणा कर सकते हैं कि अगली जनगणना में जातियों की गिनती होगी? अगर वे इसकी घोषणा करते हैं तो यह गेमचेंजर साबित हो सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर जनगणना में अगर जातियों की गिनती होती है तो राज्यवार हो रही जाति गणना स्थगित हो जाएगी। राज्यवार जातियों की गणना का ऐलान करके पार्टियां अपने अपने समर्थक समुदाय को साधने की राजनीति कर रही हैं। जनगणना में जाति गिनने की घोषणा इस राजनीति पर विराम लगा देगी। अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा और हिंदुत्व के दूसरे मुद्दों के साथ साथ अगर भाजपा पिछड़ी व अन्य पिछड़ी जातियों की राजनीति को ध्यान में रखते हुए जाति गणना की घोषणा करती है तो वह विपक्षी गठबंधन को उसकी राजनीति के मैदान में घुस कर चुनौती दे सकती है।

ऐसा लग रहा है कि भाजपा ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। जनगणना में जातियों की घोषणा चुनाव से पहले होगी या उसके बाद में होगी यह तो आने वाले समय में पता चलेगा लेकिन जिस अंदाज में भाजपा को ओबीसी का हितैषी बताने का अभियान चल रहा है उससे लग रहा है कि भाजपा अब मंडल की राजनीति कर रही पार्टियों को उनके मैदान में उतर कर चुनौती देना चाहती है। असल में कांग्रेस ने भाजपा को इस राजनीति के लिए मजबूर किया। इससे पहले कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियां जाति की राजनीति से दूर रहती थीं। लेकिन जब से नीतीश कुमार ने राहुल गांधी को समझाया कि जाति गणना करा कर आरक्षण की सीमा बढ़ाने की घोषणा की जाए तो भाजपा के हिंदुत्व की राजनीति को चुनौती दी जा सकती है और राहुल ने इस पर अमल शुरू किया तभी से भाजपा की मजबूरी हो गई कि वह भी इस तरह की राजनीति करे।

इस राजनीति के तहत भाजपा पिछड़ी जातियों के लिए नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किए गए कामों को हाईलाइट कर रही है। अमित शाह ने बिहार के मुजफ्फरपुर में बताया कि नरेंद्र मोदी सरकार ने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। पहले एससी और एसटी कमीशन को तो संवैधानिक दर्जा था लेकिन ओबीसी आयोग वैधानिक निकाय था, जिसको मोदी सरकार ने संवैधानिक दर्जा दिया है। शाह ने यह भी बताया कि नरेंद्र मोदी सरकार ने मेडिकल में दाखिले की परीक्षा में केंद्र सरकार के कोटे में ओबीसी समुदाय को 27 फीसदी आरक्षण दिया। नवोदय और सैनिक स्कूलों में पहली बार ओबीसी के छात्रों को आरक्षण दिया गया। शाह ने बताया कि मोदी सरकार में 27 ओबीसी मंत्री हैं यानी 35 फीसदी मंत्री ओबीसी समुदाय के हैं। ओबीसी के लिए वेंचर कैपिटल फंड की व्यवस्था पहले से की गई थी और इस साल लाल किले से भाषण देते हुए प्रधानमंत्री मोदी कारीगरों के लिए विश्वकर्मा योजना का ऐलान किया था, जिसे लागू कर दिया गया है। इसका फायदा अत्यंत पिछड़ी जातियों को होगा। इतना ही नहीं राजीव गांधी नेशनल फेलोशिप के तहत पहली बार ओबीसी छात्रों को आरक्षण दिया गया। जब से राहुल गांधी ने ओबीसी का राग आलपना शुरू किया तब से मीडिया में कई बार यह खबर आ चुकी है कि कांग्रेस के मुकाबले भाजपा ने दोगुने ओबीसी मुख्यमंत्री बनाए हैं। ये सारे तथ्य भाजपा की ओर से जनता को बताए जा रहे हैं।

भाजपा ने जाति की राजनीति में हाथ आजमाने के लिए यह भी चुन लिया है कि कौन सी जातियां उसके साथ जुड़ सकती हैं। जैसे बिहार में अमित शाह ने यादव को मुस्लिम के साथ जोड़ कर कहा कि जाति गणना में दोनों की आबादी को बढ़ा-चढ़ा कर बताया गया है और इससे अत्यंत पिछड़ी जातियों की संख्या कम कर दी गई है। जाहिर तौर पर उन्होंने गैर यादव पिछड़ी और अत्यंत पिछड़ी जातियों की राजनीति साधने के लिए यादव और मुस्लिम पर अटैक किया है। उत्तर प्रदेश में भी भाजपा की यही रणनीति है। वहां भी गैर यादव पिछड़ी जातियों का बड़ा हिस्सा भाजपा के साथ जुड़ता है। पिछले दो लोकसभा चुनावों के आंकड़ों से यह साबित हुआ है कि अत्यंत पिछड़ी जातियों का रूझान भाजपा की ओर है। 2019 के चुनाव में अत्यंत पिछड़ी जाति के दो में से एक वोट भाजपा को मिला है। अगले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन वोट के इस गणित को न बिगाड़े इसके लिए जरूरी है कि भाजपा भी जाति की राजनीति में उतरे।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### सुराना कॉलेज वार्ड 40 में वोरा का जनसंपर्क अभियान

**दुर्ग।** वार्ड नंबर 40 सुराना कॉलेज वार्ड की पार्षद श्रीमती नजहत परवीन के नेतृत्व में दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी अरुण वोरा के द्वारा घर घर जाकर जनसंपर्क किया गया एवं छत्तीसगढ़ सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन को बताया गया । जिसमें 200 यूनिट तक बिजली फ्री और 500 रसोई गैस में सब्सिडी दी जाने की बात कही गई। वहीं वार्ड 40 की जनता ने दुर्ग के विधायक अरुण वोरा की सरलता सहजता और मिलनसारिता को देखते हुए उन्हें अपना भरपूर स्नेह स्वरूप जगह-जगह आरती उतारी गई तिलक लगाकर विजयश्री का आशीर्वाद देकर स्वागत किया गया। वार्ड 40 के निवासियों का अपार स्नेह देखकर अरुण वोरा प्रफुल्लित हो गए। इस अवसर पर वार्ड 40 के पूर्व पार्षद मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अलताफ अहमद,कौशल किशोर सिंह, प्रदीप सहगल,सेक्टर हेमंत तिवारी, पाशी अली, हाजी इस्माइल चौहान, मीना पाल, नंदकिशोर शर्मा वाहिद चौहान, निर्मला जेम्स,निरुपमा जस्सल, प्रकाश शिवनकर, खुशबू साहू, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के साबिर भाई,बिंदु राजपूत,अनिल देशमुख,अश्विनी जांगड़े, दिनेश नंदनवार, पोरस साठवाने, सुशील केसरी, हेमंत साहू,संगीता पात्रे,गायत्री यादव,टिकेश्वरी साहू, गायत्री सिन्हा, कमल जगने,गुलाब वर्मा,चिराग शर्मा, सहित भारी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित थे।

### मतदान कार्य में संलग्न कर्मियों के लिए मतदान के लिए व्यवस्था

**दुर्ग।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत दुर्ग जिला के निर्वाचन कार्य में संलग्न ऐसे अधिकारी/कर्मचारी मतदाता जो बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के निवासी है। उनके लिए जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटपारा द्वारा 7 नवम्बर 2023 से 14 नवम्बर 2023 तक (अवकाश के दिनों को छोड़कर) जिला निर्वाचन कार्यालय बलौदाबाजार में सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। जिनमें अधिकारी/कर्मचारी अपना निर्वाचन आदेश एवं ईपिक कार्ड/पहचान पत्र के साथ प्रात: 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक उपस्थित होकर मतदान कर सकते हैं।

### स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल गरियाबंद ने चलाया गया मतदाता जागरुकता अभियान

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशानुसार तथा जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के मार्गदर्शन में जिले में लगातार स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल गरियाबंद में स्कूली विद्यार्थियों को भी अपने अभिभावकों को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने बताया कि 17 नवंबर को संपन्न होने जा रहे चुनाव में शत प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसलिए यह सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कक्षा 6वीं से 11वीं तक के विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्राचार्य दीपक कुमार बौध ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने मताधिकार का प्रयोग करने का नारा लगाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

# लोकतंत्र को मिला बुजुर्गों का आशीर्वाद

## 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों ने की होम वोटिंग, 90 की उम्र पार के बाद या चलने-फिरने में तकलीफ होने के बावजूद बुजुर्गों में दिखा जज्बा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। चाहे किसी की उम्र 90–95 वर्ष की हो या कोई बिस्तर में हो किसी को चलने या अन्य किसी प्रकार की तकलीफ हो परन्तु उनमें लोकतंत्र की इस पर्व में हिस्सा लेने का जज्बा कायम है और और उन्होंने आज पूरे उत्साह के साथ अपना मताधिकार का प्रयोग किया। निर्वाचन आयोग द्वारा इस विधानसभा चुनाव में 80 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा दी है। मतदान दल द्वारा उनके घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतपेटी में मतदान कराया गया।




दक्षिण विधानसभा के अमीन पारा में मतदान दल 83 वर्षीय श्रीमती सवित्री बाई शुक्ला के घर पहुंचा। दल द्वारा श्रीमती शुक्ला और उनके परिजनों को मतदान की प्रक्रिया समझाई गई और उसके पश्चात सभी औपचारिकताएं पूर्ण की गई। श्रीमती शुक्ला ने पोस्टल वैलेट में अपने मनपसंद अभ्यर्थी को वोट किया, और उसे मतपत्र को मतपेटी में डाला। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक डॉ. जी. लक्ष्मीशा उपस्थित थे। उन्होंने पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया। श्रीमती शुक्ला और उसके परिजनों ने निर्वाचन आयोग को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अमन चतुर्वेदी उपस्थित थे। दक्षिण विधानसभा में ही गोल बाजार में बुजुर्ग मतदाता श्रीमती कमला साहू से भी उनके घर जाकर मतदान कराया गया। इस अवसर पर सहायक भू-अभिलेख अधिकारी श्रीमती वर्षा चन्द्रवंशी उपस्थित थी।

उत्तर विधानसभा में श्रीमती रचना देवी आकुंडी, श्रीमती मुक्ता बेन रुपरेल, श्रीमती ईश्वरी गोदवानी के यहा भी प्रेक्षक श्रीमती आर. विमला और रिटर्निंग आफिसर बी.बी.पंचभाई के साथ मतदान दल पहुंचा। इन मतदाताओं की उम्र 90 से अधिक थी और चलने-फिरने में भी तकलीफ है। उनके घर जाकर मतदान दल द्वारा मतदान की प्रक्रिया कराई गई।

पश्चिम विधानसभा में आज सुबह विवेकानंद आश्रम के पास मंगल बाजार में रहने वाले 93 वर्षीय श्रीमती दुकाला अग्रवाल के घर मतदान दल की टीम पहुंची तो उनके परिजनों ने स्वागत किया। बीएलओ सहित दल के सदस्यों ने श्रीमती शुक्ला से जाकर मुलाकात की। फिर उन्हें मतदान प्रक्रिया के बारे में बताते हुए उनसे मतदान कराया। श्रीमती शुक्ला ने कहा कि विवाह के बाद से मैं हमेशा वोट देती आयी हूँ। मगर मेरी उम्र अधिक हो जाने के कारण चलने फिरने में काफी तकलीफहै। मतदान केंद्र जाने में दिक्कत हो रही थी। आज निर्वाचन आयोग द्वारा घर पर ही वोट देने की सुविधा काफी अच्छी पहल है। उनके परिजनों ने भी निर्वाचन आयोग को भी धन्यवाद दिया। पश्चिम विधानसभा के कृष्णा नगर डगनिया निवासी 94 वर्षीय मतदाता श्रीमती शांति देवी शुक्ला अधिक उम्र और बीमार होने के कारण बिस्तर से उठने में भी काफी समस्या होती है। उनके आग्रह पर आज मतदान दल उनके घर पहुंचा और एक सहायक की मदद से मतदान करावाया गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार श्री घनश्याम जंघेल उपस्थित थे। ग्रामीण विधानसभा में महावीर नगर में 95 वर्षीय श्री खानचंद जादवानी के घर मतदान दल पहुंचे तो उनके परिजनों ने दल का स्वागत किया और बताया कि वे आज तक कभी मतदान देने से नहीं चुके है। अब चलने-फिरने और यहा तक बात करने की भी तकलीफ होने के कारण वे मतदान केंद्र तक जाने में असमर्थ थे। आज आयोग की इस सुविधा से वे अपना मतदान कर पाए है। श्री जादवानी से सारी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद मतदान कराया गया।

# बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान की घर पहुंच सुविधा: कलेक्टर के साथ मतदान दल पहुँचा तात्यापारा की सुमन के घर

## 83 वर्षीय बुजुर्ग ने घर पर पोस्टल वैलेट से किया गुप्त मतदान, परिजनों ने आयोग की पहल को सराहा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने स्वयं तात्यापारा निवासी 83 वर्ष की बुजुर्ग मतदाता श्रीमती सुमन कमाईसदार के घर पहुंचकर उनसे गुप्त मतदान कराया।

विधानसभा निर्वाचन-2023 से भारत निर्वाचन आयोग ने 80 वर्ष से अधिक बुजुर्ग मतदाताओं और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान की घर पहुंच सुविधा शुरू की है। रायपुर जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इसकी कमान खुद संभाल रखी है।

आज से रायपुर जिले में मतदान की घर पहुंच सुविधा शुरू हो गई है। डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने तात्यापारा निवासी सुमन



कमाईसदार के घर पहुंचकर उनसे मतदान कराया।

इस दौरान पूरा मतदान दल कलेक्टर के साथ मौजूद था। मतदाता की पहचान से लेकर गुप्त मतदान की सभी प्रक्रियाओं का कलेक्टर के समक्ष पालन किया गया और 83 वर्षीय श्रीमती सुमन ने अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुनने के लिए पोस्टल वैलेट के माध्यम से वोट डाला। श्रीमती सुमन घुटने की तकलीफ के कारण चलने-फिरने में बहुत समर्थ नहीं है। 83 वर्ष की बुजुर्गीयत के कारण लम्बे समय तक मतदान की लाईन में खड़े रहने की भी तकलीफघर पर मतदान की सुविधा से श्रीमती सुमन को नहीं उठानी पड़ी है। बुजुर्ग महिला मतदाता के परिजन भी आयोग की इस पहल की मुक्त कंठ प्रशंसा कर रहें है। बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के दौरान मतदान केन्द्रों में लगी लम्बी लाईनों में खड़े होने पर जिन तकलीफों का सामना करना पड़ता है उनसे परेशान होकर ऐसे मतदाता अपने मताधिकार को उपयोग करने से कतराते है। अब निर्वाचन आयोग ने घर पहुंच मतदान की सुविधा शुरू की है। इस सुविधा से ऐसे सभी मतदाताओं को अपने संवैधानिक और मूल अधिकार का उपयोग करने में बहुत आसानी हो गई है।

# मतदान दलों के वाहनों की जीपीएस से होगी निगरानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने मतदान दलों के दूसरे चरण के प्रशिक्षण में आज कोटा विकासखण्ड में आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान दलों की चुनावी क्लास लगाकर अब तक लिए गए प्रशिक्षण की जानकारी ली। उन्होंने मतदान दलों से कहा कि इव्हीएम की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी आपकी है।

उन्होंने बताया कि मतदान दलों के वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया जा रहा है। जीपीएस से आपकी लोकेशन ट्रेस होगी। कलेक्टर ने मास्टर ट्रेनर को इव्हीएम मशीन के व्यावहारिक प्रशिक्षण पर जोर देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रशिक्षार्थियों से पूछा कि व्हीव्हीपैट मशीन खराब ना हो इसके लिए क्या करना चाहिए, तब किसी ने बताया कि मशीन के सेंसर को प्रकाश से बचाना होगा। कलेक्टर ने इव्हीएम मशीन एवं चुनाव प्रकिया से जुड़े कई रोचक सवाल किए और उनकी शंकाओं का समाधान किया।

नगर निगम आयुक्त एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी कुणाल दुदावत एवं जिला पंचायत के सीईओ श्री अजय अग्रवाल भी इस दौरान उपस्थित थे। कलेक्टर ने प्रशिक्षण में मतदान दल के अधिकारियों को उनके दायित्व का बोध कराया। बताया गया कि पोलिंग अधिकारी एक, दो एवं तीन के क्या कर्तव्य होते हैं। उन्होंने बताया कि पीठासीन अधिकारी को अपनी पहली रिपोर्टिंग अपने सेक्टर अफसर को करनी होती है। मतदान के दिन हर दो घण्टे में मतदान की रिपोर्टिंग करनी होगी।

# जिले में 40 संगवारी, 20 आदर्श व 4 दिव्यांग और 4 युवा मतदान केंद्र होंगे स्थापित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** जिले में मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए और मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष पहल की गई है। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के लिए 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र, 5-5 आदर्श मतदान केन्द्र, 01-01 दिव्यांग एवं युवा प्रबंधित मतदान केन्द्रों की स्थापना की जाएगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र महासमुंद-42 अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक महासमुंद- 164, 172, 191, 192, 193, 194, 199, 200, 208 व 225 मचेवा को संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र खलारी-41 में मतदान केंद्र क्रमांक घुंचापाली कला- 81, 82, खोपली- 84, 85,




लालपुर- 104, 109, सिर्रीपठारीमुड़ा-114, दारगांव-115, सुखरीडबरी- 117, 118, विधानसभा क्षेत्र बसना-40 अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक खुसरूपाली-2, राजाडेरा-5, अर्जुनी-10, परसापाली-16, सेवईया कला-31, खेमड़ा-191, 192, अरेकेल- 230, 231, बड़ेटेमरी- 244, विधानसभा क्षेत्र सरायपाली-39 अंतर्गत मतदान केन्द्र सरायपाली- 127, 128, 129, 130, 131, 132, पतेरापाली- 139, 140 एवं झिलमिला- 141 व 142 को संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है। इन केन्द्रों में पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान अधिकारी 1, 2 और 3 महिला मतदान अधिकारी होंगे। इसी तरह जिले में कुल 20 आदर्श मतदान केन्द्र स्थापित किए जायेंगे। विधानसभा क्षेत्र महासमुंद अंतर्गत महासमुंद- 164, 191, 193, 194 व मचेवा-225 को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्र घुंचापाली कला-82, खोपली-84, 85, दारगांव-115, सुखरीडबरी-118, बसना विधानसभा क्षेत्र के तहत खुसरूपाली-2, परसापाली-16, सेवईया कला-31, धनापाली-151 व दुरूगपाली-145 तथा सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्र सरायपाली- 130, 131, 132, पतेरापाली-139 व झिलमिला-141 को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुकराडीह-20 को दिव्यांग केन्द्र बनाया गया है। विधानसभा क्षेत्र खल्लारी अंतर्गत बागबाहरा कला-110, विधानसभा बसना अंतर्गत धनापाली-151 तथा सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के तहत कुटेला-187 को दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाया गया है।

युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र अंतर्गत महासमुंद विधानसभा क्षेत्र से लाफिनकला-228 को, विधानसभा क्षेत्र खल्लारी अंतर्गत कोमाखान-249, विधानसभा बसना अंतर्गत दुरूगपाली-145 एवं सरायपाली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुसमीसरार-246 को युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाया गया है। ज्ञात है कि जिले में 1079 मतदान केन्द्र है।

# प्रदेश में पहला स्किन ट्रांसप्लांट, 40 वर्षीय महिला को मिला नया जीवन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश में पहला स्किन ट्रांसप्लांट करने में डॉक्टरों को सफलता मिली है। यह ट्रांसप्लांट डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में किया गया। दुर्घटना में घायल 40 वर्षीय महिला के जांघ की चमड़ी पूरी तरह निकल गई थी। डॉक्टरों ने जांघ में नई चमड़ी लगाकर महिला को नया जीवन दिया। निकली हुई चमड़ी की जगह नई चमड़ी लगाई गई। इसे मेडिकल की भाषा में स्किन ट्रांसप्लांट कहा जाता है।

डीकेएस में इसी साल अप्रैल में स्किन बैंक खोला गया था। यह सरकारी अस्पतालों में पहला स्किन बैंक है। डॉक्टरों के अनुसार जिस मरीज में नई चमड़ी लगाने से



सफलता की गारंटी रहती है, उसी में ट्रांसप्लांट किया जाता है।

कुछ भ्रांतियों की वजह से प्रदेश में स्किन डोनेशन करने वाले कम है। इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन लोगों को जागरूक करने करने के लिए विभिन्न संस्थाओं से संपर्क कर रहा है। इसके लिए सीएमई यानी कंटीन्यू इन मेडिकल एजुकेशन के साथ वर्कशॉप का आयोजन भी किया जा रहा है। कैडेवर यानी डेड बॉडी से स्किन निकाली जाती है। यह सब परिजनों की सहमति के बाद होता है। डीकेएस में प्लास्टिक सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. दक्षेश शाह के अनुसार आग से झुलसे हुए, दुर्घटना में स्किन निकलने के बाद इसमें ट्रांसप्लांट किया जा सकता है। बैंक की स्थापना के बाद लोगों को जागरूक करना सबसे बड़ी चुनौती है।

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा0 ) दुर्ग जिला दुर्ग

**उद्घोषणा**

पं.नं. 202310100400368/अ-2/2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका विभीषण साहू अन्य 02 आ0/ पति अजीत राम साहू निवासी धनोरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम - धनोरा प0ह0नं0 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 443/1 रकबा 0.0992 हे0 10677 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ0ग0भू0रा0सं0 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 31/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की के साथ जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी**
दुर्ग, जिला दुर्ग

ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023: राहुल का भाजपा पर हमला

# आमसभा में बोले- भाजपा आदिवासियों का अधिकार छीनती है हम इनका अधिकार देते हैं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सरगुजा।** सरगुजा जिले के लुन्ड्रा विधानसभा में ग्राम कतकालो में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा नेता आदिवासियों पर पेशाब करते हैं और हम उन्हें गले लगाते हैं। भाजपा आदिवासियों को वनवासी कहकर अपमान करते हैं, हम उन्हें आदिवासी कहते हैं। सही मायने में जल, जंगल, जमीन के असली मालिक आदिवासी हैं। भाजपा आदिवासियों का अधिकार छीनती है हम इनका अधिकार देते हैं।

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा और कहा कि नोटबंदी, जीएसटी लागू करके पीएम मोदी ने हिंदुस्तान के रीढ़ की हड्डी तोड़ दी है। हम किसान, मजदूर के पॉकेट में पैसा डालते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अदाणी की जेब में पैसा डालते हैं। राहुल ने कहा कि हम यहां के मजदूर किसानों की आर्थिक स्थिति ठीक हो समृद्ध बनाने के लिए काम करते हैं, प्रधानमंत्री अदाणी को पैसा देकर विदेश में निवेश कराते हैं। राहुल ने सभा में उपस्थित जनता से कहा कि निर्णय आपका है की किसे लाना है।

राहुल ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि ओबीसी कोई जाति नहीं है हिंदुस्तान में सिर्फ एक ही जाती है वह है गरीब। राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी से पूछा कि जब हिंदुस्तान में एक ही जाती गरीब है तो आप क्यों अपने आप को ओबीसी कहते हैं।



राहुल ने कहा कि आप चुनाव जीत लिए, हवाई जहाज में उड़ने लगे, करोड़ों का सूट पहनते हैं और एक दिन में पांच कपड़े बदलते हैं। जब ओबीसी युवाओं को आपकी जरूरत पड़ी तो कहते हैं कि एक ही जाति है गरीब।

राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टेबल पर जातिगत समीकरण के सारे फाइल रखे हुए हैं वह चाहे तो एक सेकंड में रिलीज कर सकते हैं पर उनकी मंशा ऐसी नहीं है। राहुल ने सभा में युवाओं से कहा कि अगली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आएंगे तो उनसे पूछीएगा कि हमारी सच्चाई बता दो वह जवाब नहीं दे पाएंगे, क्योंकि रिमोट कंट्रोल अदाणी के पास है। प्रधानमंत्री की मार्केटिंग अदाणी करते हैं। राहुल ने कहा जैसे ही छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार बनेगी हम जाति जनगणना शुरू कर देंगे।

कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारक राहुल गांधी जशपुर के सन्ना में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। राहुल गांधी के साथ उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव भी मौजूद थे। राहुल गांधी ने अपने भाषण में कहा कि यह आदिवासियों का इलाका है और यहां के मालिक आदिवासी ही हैं, जिनको बीजेपी वनवासी बनाकर उनके मालिकाना हक छीनना चाहती है। बीजेपी आदिवासियों की सम्पति अदाणी-अम्बानी को देना चाहती है। राहुल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार किसानों, आदिवासियों, छोटे व्यापारियों, गरीब, दलितों के लिए सबसे बढ़िया काम किया है।

## खास खबर...

### निर्वाचन ड्यूटी के दौरान मृत और घायल कर्मचारियों को दी जा रही है अनुग्रह राशि

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षाबलों आदि के निर्वाचन कर्तव्य के दौरान मृत्यु, घायल होने की स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिकर नियमानुसार अनुग्रह राशि की स्वीकृति की गई है।

विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत प्रथम चरण के निर्वाचन के दौरान जिला कांकेर में केन्द्रीय सुरक्षा बल के एक कर्मी की नक्सल हिंसा में मृत्यु होने के कारण 30 लाख रुपए की अनुग्रह प्रतिकर भुगतान राशि की स्वीकृति की जा रही हैं। दन्तेवाड़ा जिला में केन्द्रीय सुरक्षाबल के एक कर्मी की निर्वाचन कर्तव्य के दौरान मृत्यु होने के कारण 15 लाख रुपए की अनुग्रह प्रतिकर भुगतान राशि की स्वीकृति की जा रही है।

कोंडागांव जिले में केशकाल में तीन निर्वाचन कर्मियों की दुर्घटना में मृत्यु होने के कारण नियमानुसार 15 लाख रुपए प्रति कर्मी के मान से कुल 45 लाख रुपए की अनुग्रह प्रतिकर भुगतान राशि की स्वीकृति की जा रही है। इसके अतिरिक्त निर्वाचन कर्तव्य के दौरान नक्सली हिंसा में घायल विभिन्न कर्मियों को भी नियमानुसार अनुग्रह प्रतिकर भुगतान राशि की स्वीकृति की जा रही है।

### क्षमा करने से संकट को जीतने का सामर्थ्य आता है: प्रवर प्रवीण ऋषि

**रायपुर (ए)।** उपाध्याय प्रवर प्रवीण ऋषि ने कहा कि संसार के समस्त जीव शक्ति संपन्न हैं। और जहां शक्ति होती है, वहां पराक्रम होता है। शक्ति यदि श्रद्धापूर्ण है तो सम्यक पराक्रम होता है। शक्ति यदि संशय, मिथ्यात्व से संपन्न है तो मिथ्या पराक्रम होता है। सम्यक पराक्रम भगवत्ता की ओर ले जाता है, वहीं मिथ्या पराक्रम शैतानियत की ओर ले जाता है। प्रभु महावीर ने अनुत्तर देशना में सम्यक पराक्रम की 72 साधनाएं दी हैं। ये ऐसी अनूठी साधनाएं हैं कि अगर कोई व्यक्ति इनमे से एक साधना भी कर लेता है तो उसके अंदर की भगवत्ता जागृत हो जाती है। और उन्ही साधनाओं का क्रम बुधवार को जारी रहा। उक्ताशय की जानकारी रायपुर श्रमण संघ के अध्यक्ष ललित पटवा ने दी। लालगंगा पटवा भवन में जारी उत्तराध्ययन श्रुतदेव आराधना के 16वें दिवस बुधवार को लाभार्थी परिवार किरण देवी निर्मल कोठारी परिवार (बालाघाट) तथा सहयोगी लाभार्थी परिवार चंद्रकांता-मोतीलाल ओसवाल परिवार, ज्ञान-प्रभा श्रीश्रीमाल परिवार तथा नवरतन निखिल नितिन सुराना परिवार ने श्रावकों का तिलक लगाकर धर्मसभा में स्वागत किया।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए उपाध्याय प्रवर ने 11वें सूत्र का मूल समझाया। प्रतिक्रमण करने के कारण से स्वयं के भावों, चेतना, प्रतिज्ञा से जो भटक गया हूँ, वापस स्वयं के स्थान पर आना है। जिस समय मैं अतिक्रमण करता हूं, जिस समय कोई चेतना अतिक्रमण में जाती है, उस समय वह अपनी शक्ति-चेतना में छिद्र कर देती है। और जब व्यक्ति प्रतिक्रमण करता है तो वह छिद्र बंद किए जाते हैं।

### 10वी-12वी के प्रश्नपत्र जिला स्तर पर होंगे तैयार, व्हॉट्सऐप-ईमेल से भेजे जायेंगे पर्चे

**रायपुर।** जिले के शासकीय स्कूलों में 9वीं से 12वीं कक्षा की छहमाही परीक्षाएं 7 दिसंबर से आयोजित की जाएंगी। इस बार बोर्ड कक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र जिला स्तर पर तैयार होंगे। जिला शिक्षा कार्यालय दसवीं और बारहवीं के प्रश्नपत्र तैयार करेगा। इसके बाद इन्हें स्कूलों में पेपर शुरू होने के कुछ देर पहले ही व्हॉट्सऐप अथवा ईमेल के 'जरिए भेज दिया जाएगा। स्कूल इनके प्रिंट आउट निकालकर छात्रों को वितरित करेंगे। वहीं 9वीं और 7वीं के प्रश्नपत्र शाला स्तर पर ही तैयार होंगे। प्रश्नपत्र जिला स्तर पर तैयार किए जाएंगे, लेकिन इनका मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर ही होगा।

छहमाही परीक्षाओं के लिए जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा समय-सारिणी जारी कर दी गई है। स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे परीक्षाओं का आयोजन निर्धारित समय- सारिणी में ही करें। नवमी और दसवीं की परीक्षाएं 7 दिसंबर से शुरू होकर 4 दिसंबर तक चलेंगी, जबकि ग्यारहवीं और बारहवीं की परीक्षाएं 7 से 5 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी।

## दीपावली के दिन से और बढ़ने वाली है ठंड तीन दिन तापमान में नहीं होगा बदलाव



**रायपुर (ए)।** उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं के प्रभाव से अब ठंड में थोड़ी बढ़ोतरी होने लगी है, हालांकि पश्चिमी विक्षोभ के चलते आने वाले तीन दिनों तक तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। उसके बाद यानि 12 नवंबर दीपावली से न्यूनतम तापमान में गिरावट शुरू होगी और ठंड भी बढ़ेगी।

बुधवार को प्रदेश भर में बलरामपुर सबसे ठंडा रहा और एआरजी बलरामपुर व एआरजी सोनहत में न्यूनतम तापमान 12.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रायपुर में न्यूनतम तापमान 18.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। ठंडी हवाओं के चलते अब रात के साथ ही सुबह-सुबह भी ठंड बढ़ने लगी है और ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही आउटर में भी ठंड का प्रभाव नजर आने लगा है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आने वाले तीन दिनों तक तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा, हालांकि न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी हो सकती है।

सप्ताह के आखिर में यानि दीपावली के दिन से ठंड और ज्यादा बढ़ेगी। ठंड बढ़ने के चलते अब मोतीबाग, टिकरापारा, आमापारा सहित कई क्षेत्रों में गर्म कपड़ों के स्टाल खोले जा रहे है। उपभोक्ताओं को गर्म कपड़ों में 20 फीसद तक छूट भी दी जा रही है।

#### पीएचडी करने वाले स्टूडेंट्स के लिए जरूरी खबर

## अब प्रवेश परीक्षा में आधा अंक पाने वालों को मिलेगा पूरा एक अंक

**रायपुर (ए)।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित पीएचडी प्रवेश परीक्षा में आधा अंक पाने परीक्षार्थी को अब पूरा एक अंक दिया जाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय की तरफ से दिशा-निर्देश जारी किया गया है। विश्वविद्यालय की तरफ से पीएचडी में प्रवेश के लिए पिछले महीने ही प्रवेश परीक्षा ली गई थी। इसके नतीजे भी जारी हो चुके हैं। रिजल्ट दशमलव अंक में घोषित किया गया था।

इस परीक्षा को क्वालिफाई करने के लिए सामान्य वर्ग के छात्रों को



50 प्रतिशत और आरक्षित वर्ग के छात्रों को 45 प्रतिशत नंबर लाने थे। जारी नतीजों के अनुसार कई विषयों में एक भी छात्र सफल नहीं हुए हैं। बहुत सारे छात्र आधे नंबर से पासिंग मार्क्स हासिल करने से चूक गए हैं। जिन छात्रों को पासिंग अंक से 0.5 अंक कम मिले हैं वे अब क्वालिफाई कर जाएंगे।

दरअसल 0.5 अंक को एक अंक माना जाएगा। पीआरएसयू की पीएचडी प्रवेश परीक्षा इस बार हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, बायोटेक्नोलाजी समेत अन्य 35 विषयों के लिए हुई। इसमें 714 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। करीब 140 छात्रों को 45 प्रतिशत से अधिक नंबर मिले हैं।

पीएचडी कोर्स वर्क की कक्षाएं अलग-अलग शोध केंद्रों में शुरू हो गई हैं। ऐसे कालेज जहां शोध केंद्र हैं, वहां कोर्स वर्क की कक्षाएं लगेंगी। इस परीक्षा में क्वालिफाई हुए छात्रों के अलावा पिछले साल की प्रवेश परीक्षा जो क्वालिफाई हुए हैं। नेट और सेट के आधार पर जिन्होंने आवेदन किया था।

## राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से रेल मंडल के डीआरएम ने की भेंट

**रायपुर (ए)।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से बुधवार को राजभवन में रेल मंडल रायपुर के संभागीय रेल प्रबंधक (डीआरएम) संजीव कुमार ने भेंट की। उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विन वैष्णव की ओर राज्यपाल हरिचंदन को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी और चंदन का पौधा भेंट किया।



## बच्चों ने वृद्धजनों संग साझा की दीपावली की खुशियां



### आदर्श विद्यालय के छात्रों ने किया कुलदीप निगम वृद्धाश्रम का भ्रमण

**रायपुर (ए)।** राज्य के प्रथम कुलदीप निगम वृद्धाश्रम माना कैम्प में आदर्श विद्यालय इंग्लिश मीडियम स्कूल (देवेन्द्र नगर) के 250 छात्रों का समूह दीपावली त्यौहार की खुशियां साझा करने पहुंचा। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों के लिए दैनिक उपयोग में आने वाले खाद्य सामग्री, चांवल, आटा, तेल, दाल, शक्कर, गुड़, चायपत्ती, नमक, साबुन, बॉडी लोसन, फल एवं मिठाई का वितरण किया गया। साथ ही 7वीं क्लास की बालिका कुमारी चेतना दीपक पंजवानी का जन्मदिन भी बुजुर्गों के साथ केक काटकर मनाया गया। इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित बाल गृह (बालक) में निवासरत विशेष बच्चों को भी खाद्य सामग्री, चॉकलेट, वेफर्स, केक का वितरण कर बच्चों के साथ म्यूजिक में डांस करके सेलिब्रेट किया गया। आदर्श विद्यालय की बालिकाओं द्वारा दोंनो ही संस्थाओं में बहुत ही सुंदर-सुंदर रांगोली डालकर पूरे परिसर को सजाया और दिप प्रज्वलित किया।

इस पूरे आयोजन हेतु आदर्श विद्यालय की प्राचार्या सुमन शानबाग की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आदर्श विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल केके उन्नीकृष्णन नायर, जितेश ठाकुर, संतोष सामन्त राय, माया नायर, स्मिता नायर, मंजू , अनिता दास, आशा पिल्लई, संगीता शर्मा, कविता सेन, दीप्ति सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर कुलदीप निगम वृद्धाश्रम के अध्यक्ष राजेन्द्र निगम, सचिव बिमल घोषाल, पारूल चक्रवर्ती, लीला यादव, बाल गृह की वार्डन स्वेता एवं सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

## इंडियाज गॉट टैलेंट में डंका बजाने वाले छत्तीसगढ़ के मलखंभ खिलाड़ी अब जाएंगे अमेरिका

**रायपुर (ए)।** हम सभी ने इंडियाज गॉट टैलेंट जीतने के लिए काफी मेहनत की थी। सभी के सामूहिक प्रयास और प्रदेशवासियों के आशीर्वाद, दुआ से आखिरकार हम खिताब जीतने में कामयाब रहे। जैसे ही हमारे जीतने की घोषणा हुई, सभी खुशी से उछल पड़े। हमारी आंखों में आंसू आ गए। इस कामयाबी को जीवनभर नहीं भूलेंगे। अब हमारी कोशिश है कि अमेरिका में होने वाले गॉट टैलेंट शो में भाग लेकर अपने देश का नाम पूरे विश्व में रोशन कर सकें।

यह कहना है इंडियाज गॉट टैलेंट प्रतियोगिता जीतने के पश्चात मुंबई से राजधानी लौटे नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के मलखंभ खिलाड़ियों का। प्रेस क्लब में संवाददाताओं से चर्चा करते हुए मलखंभ टीम के प्रशिक्षक




मनोज ने बताया कि यह जीत हमने प्रदेशवासियों को समर्पित की है। प्रदेशवासियों ने हमारा हौसला बढ़ाया। इससे हम सभी बेहतर परफॉर्म कर सके। शुरू-शुरू में हमें डर, हिचक, संकोच हो रहा था। पहली बार इतनी बड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने गए थे। जब निर्णायकों ने और देशवासियों ने हमारे परफॉर्म की प्रशंसा की तब हमारा हौसला बढ़ा। शुरुआत में केवल 14 लड़कों की टीम मुंबई पहुंची थी। जब टीवी पर हमारा हुनर देखकर देशभर के लोगों ने सपोर्ट किया तब हमें गर्व का अहसास हुआ। मन में बस एक ही इच्छा थी कि अपने गांव, प्रदेश का नाम देशभर में रोशन कर सकें।

### शो के दौरान निर्णायकों से सराहना मिली

मलखंभ टीम के सदस्य सुरेश और अजमत ने बताया कि शो में उनकी प्रतिभा की निर्णायकों ने खूब सराहना की। पहली बार बड़े हीरो-हीरोइन से मिलने का सौभाग्य मिला। हीरोइन शिल्पा शेट्टी, गायक बादशाह और अभिनेत्री किरण खेर के अलावा अनेक प्रसिद्ध हस्तियों से मिलकर हम सभी को अच्छा लगा।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# हेल्थ के लिए है कौन सा अदरक होता है अच्छा किसका करना चाहिए ज्यादा इस्तेमाल



सोंठ और ताजा अदरक दोनों के कई सारे हेल्थ बेनिफिट्स हैं और इन्हें डाइट में शामिल करना चाहिए। लेकिन यदि आप कोई खतरनाक स्वास्थ्य संबंधि या एलर्जी से गुजर रहे हैं तो आपको थोड़ा सोच-समझकर ही इसका इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही डॉक्टर की सलाह ले लें तो और अच्छा है।

### अदरक क्या है?

अदरक, जिसे जिंजिबर ऑफिसिनेल के नाम से भी जाना जाता है, एक फूल वाला पौधा है जो जिंजिबेरेसी परिवार से संबंधित है। यह एक जड़ वाली सब्जी है जिसका स्वाद तीखा और तीखा होता है, जो इसे खाना पकाने में एक लोकप्रिय सामग्री बनाता है। यह अपने औषधीय गुणों के लिए भी जाना जाता है और पारंपरिक चिकित्सा में इसका उपयोग विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता है।

### ताजा अदरक

ताजा अदरक के पौधे की जड़ को संदर्भित करता है जिसे किसी भी तरह से सुखाया या संसाधित नहीं किया गया है। इसकी त्वचा हल्की भूरी और दृढ़, रेशेदार बनावट वाली होती है। ताज़ा अदरक में तेज़ स्वाद और सुगंध होती है, जो इसे कई व्यंजनों में एक आवश्यक घटक बनाती है, खासकर एशियाई व्यंजनों में। इसका उपयोग आमतौर पर अदरक की चाय बनाने या इसके स्वास्थ्य लाभों के लिए स्मूदी में जोड़ने के लिए भी किया जाता है।

### सूखी अदरक

दूसरी ओर, सूखी अदरक या पिसी हुई अदरक, ताजी अदरक की जड़ को सुखाकर और पीसकर बारीक पाउडर बनाकर बनाई जाती है। ताजा अदरक की तुलना में इसमें हल्का पीला रंग और अधिक गाढ़ा स्वाद होता है। सोंठ का उपयोग अक्सर खाना पकाने और बेकिंग में मसाले के रूप में, साथ ही पारंपरिक चिकित्सा में भी किया जाता है।

### दोनों में पोषण संबंधी अंतर है

ताजा और सूखा अदरक दोनों विभिन्न स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं, लेकिन अलग-अलग प्रसंस्करण विधियों के कारण उनकी पोषण संबंधी प्रोफाइल थोड़ी भिन्न होती है। ताजा अदरक में लगभग 79 प्रतिशत पानी होता है, जबकि सूखी अदरक में केवल 10 प्रतिशत पानी होता है। इसका मतलब यह है कि सोंठ पोषक तत्वों और कैलोरी के मामले में अधिक केंद्रित है, क्योंकि इसमें पानी की मात्रा कम होती है। ताजा अदरक विटामिन सी, पोटेशियम, मैग्नीशियम और मैंगनीज का उत्कृष्ट स्त्रोत है। इसमें जिंजरोल और शोगोल जैसे एंटीऑक्सीडेंट भी होते हैं, जिनमें सूजन-रोधी गुण होते हैं। दूसरी ओर, सोंठ आयरन और आहार फाइबर का एक अच्छा स्त्रोत है। इसमें ताजा अदरक की तुलना में जिंजरोल और शोगोल का स्तर अधिक होता है।

### स्वास्थ्य सुविधाएं

ताजा और सूखा अदरक दोनों के कई फायदे हैं।

### ताजा अदरक

मतली और उल्टी से राहत देता है। ताजा अदरक मतली और उल्टी को कम करने की क्षमता के लिए जाना जाता है। खासकर गर्भावस्था या कीमोथेरेपी के दौरान।

**सूजन रोधी गुणः-** ताजा अदरक में मौजूद यौगिकों में सूजन रोधी प्रभाव होता है, जो इसे ऑस्टियोआर्थराइटिस और रुमेटीइड गठिया जैसी स्थितियों के लिए फायदेमंद बनाता है।

**पाचन में सुधारः-** ताजा अदरक में एंजाइम होते हैं जो पाचन में सहायता करते हैं और सूजन, गैस और कब्ज से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं।

**प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देता हैः-** ताजा अदरक में एंटीऑक्सीडेंट का उच्च स्तर प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने और बीमारियों से बचाने में मदद कर सकता है।

**मासिक धर्म की ऐंठन को कम करता हैः-** अध्ययनों से पता चला है कि ताजा अदरक का सेवन मासिक धर्म की ऐंठन की गंभीरता को कम करने में मदद कर सकता है।

### सूखी अदरक

**सर्दी और फ्लू के लक्षणों से राहत देता हैः-** गले की खराश और खांसी पर सुखदायक प्रभाव के लिए सूखी अदरक का उपयोग अक्सर गर्म अदरक की चाय बनाने के लिए किया जाता है।

**सूजन रोधी गुणः-** सोंठ में यौगिकों की उच्च सांद्रता इसे शरीर में सूजन को कम करने के लिए अधिक प्रभावी बनाती है।

**वजन घटाने में सहायकः-** सोंठ में मौजूद आहार फाइबर तृप्ति को बढ़ावा देने और कैलोरी सेवन को कम करके वजन घटाने में सहायता कर सकता है।

**रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करता हैः-** अध्ययनों से पता चला है कि सोंठ टाइप 2 मधुमेह वाले लोगों में रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है।

**दर्द से राहत देता हैः-** सोंठ के सूजनरोधी गुण इसे सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और मासिक धर्म में ऐंठन के लिए एक लोकप्रिय उपाय बनाते हैं।

## बॉक्स ऑफिसः विक्रांत मैसी की 12वीं फेल की पकड़ मजबूत




आईपीएस अफसर मनोज कुमार शर्मा के संघर्षों की कहानी को पर्दे पर बड़ी खूबसूरती से दिखाती फिल्म 12वीं फेल का बॉक्स ऑफिस पर जलवा बरकरार है। इसमें विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका हैं, जिनकी अदाकारी की हर कोई तारीफ कर रहा है। 12वीं फेल को सिनेमाघरों में रिलीज का यह दूसरा सप्ताह चल रहा है और यह फिल्म अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है। हालांकि, रिलीज के 12वें दिन फिल्म की कमाई में थोड़ी गिरावट देखने को मिली। अब 12वीं फेल की कमाई के 12वें दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, फिल्म ने मंगलवार को 1.30 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 24.17 करोड़ रुपये हो गया है। 12वीं फेल अनुराग पाठक के इसी नाम से आए लोकप्रिय उपन्यास पर आधारित है। इसमें मेधा शंकर, हरीश खन्ना, प्रियांशु चटर्जी, संजय बिश्नोई और सुकुमार टुडू भी हैं। फिल्म का निर्देशन विधु विनोद चोपड़ा ने किया है। विक्रांत ने साल 2013 में आई फिल्म लुटेरा के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा था, जो हिट साबित हुई। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और हिंदी सिनेमा को एक से बढ़कर एक फिल्में दीं।

## सलमान खान की डॉक्यूमेंट्री सीरीज बियॉन्ड द स्टार में बड़ी जिम्मेदारी निभाएंगी यूलिया वंतूर

सलमान खान अक्सर ही सुर्खियों में बने रहते हैं। उनकी फिल्मों का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार करते हैं तो उनकी निजी जिंदगी के बारे में जानने के लिए भी उत्सुक रहते हैं। पिछले काफी समय से सलमान की डॉक्यूमेंट्री सीरीज बियॉन्ड द स्टार चर्चा में है, जिसे उनकी जिंदगी पर फिल्माया जाएगा। अब खबर आ रही है कि रोमानियाई अभिनेत्री-मॉडल यूलिया वंतूर इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज से जुड़ गई हैं और इसमें वह एक अहम भूमिका निभाती हुई नजर आएंगी। कुछ समय पहले सलमान ने खुलासा किया था कि डॉक्यूमेंट्री सीरीज का सुझाव उन्हें उनकी दोस्त और अभिनेत्री यूलिया ने दिया था।



रिपोर्ट के अनुसार, यूलिया, सलमान को बहुत अच्छे से जानती हैं। ऐसे में सीरीज के कॉन्सेप्ट को अंतिम रूप देने के बाद निर्माताओं ने यूलिया को इससे जोड़ने का फैसला किया है। यूलिया सीरीज में अपनी आवाज देंगी और सलमान के फिल्मी सफर के साथ निजी जिंदगी के बारे में बताएंगी।

सूत्र ने बताया कि बियॉन्ड द स्टार के पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पहले ही खत्म हो चुका है। अब निर्माताओं ने इस साल 27 दिसंबर को सलमान के 58वें जन्मदिन पर इसे रिलीज कर दर्शकों के सामने लाने का फैसला किया है। यह ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी, लेकिन किस प्लेटफॉर्म पर आएगी, फिलहाल यह जानकारी सामने नहीं आइ है। यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज सलमान के प्रशंसकों को उनके जीवन के उतार-चढ़ाव के बारे में भावुक करने का वादा करती है।

यूलिया के एक करीबी सूत्र ने कहा, यूलिया इसकी क्रिएटिव प्रोड्यूसर भी हैं। उन्होंने सभी एपिसोड का इंटरव्यू लिया है, जो निश्चित रूप से इंतजार करने के लायक होगा।सीरीज में भाग्यश्री, दिशा पाटनी, साजिद नाडियाडवाला, डेविड धवन, संजय लीला भंसाली, सुभाष घई, हिमेश रेशमिया और सूरज बड़जात्या जैसे सितारे नजर आएंगे। इसमें सलमान के दोस्तों और परिवार के साथ उनकी अनदेखी तस्वीरें, वीडियो और दृश्य भी शामिल होंगे। इसका सह-निर्माण सलमान, विज फिल्म्स और अप्लॉज एंटरटेनमेंट कर रहे हैं।

यूलिया प्रेम आर सोनी के निर्देशन में बन रही फिल्म राधा क्यों गोरी मैं क्यों काला से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली थीं, जिसमें सलमान के कैमियो की अटकलें लगाई जा रही थीं। हालांकि, फिल्म बंद हो गई। 2020 में यूलिया के प्रेम द्वारा निर्देशित फिल्म लैला मजनू में नजर आने की खबरें आई, लेकिन यहां भी बात नहीं बनी। यूलिया, सलमान की फिल्म रेस 3 और राधे के गानों में अपनी आवाज दे चुकी हैं।

सलमान की फिल्म टाइगर 3 दिवाली के मौके पर यानी 12 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। यह यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की फिल्म है, जिसमें कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी शामिल हैं और शाहरुख खान का कैमियो होगा। सलमान, शाहरुख के साथ फिल्म टाइगर वर्सेज पठान का भी हिस्सा हैं, जिसमें दोनों अभिनेता आमने-सामने होंगे। इसके अलावा वह करण जौहर की एक फिल्म में भारतीय जवान की भूमिका में भी नजर आने वाले हैं।

बॉलीवुड में कई सितारों की जिंदगी पर फिल्में बनी है और कई बायोपिक आने वाली हैं। पंकज त्रिपाठी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की बायोपिक लाएंगे तो सरोज खान पर भी फिल्म बनेगी। इसमें फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर और सैम बहादुर भी शामिल हैं।

## रिवीलिंग शॉर्ट ड्रेस पहनकर मोनालिसा ने इंटरनेट पर लगाई आग, हॉटनेस देख क्रेजी हुए फैंस

**भोजपुरी स्टार मोनालिसा के देशभर में चाहने वाले हैं। हालांकि सोशल मीडिया पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी इस बात का सबूत है। अब हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका सेक्सी अदाएं देखकर फैंस की सांसें अटक गई हैं। भोजपुरी इंडस्ट्री से टीवी तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।**



हाल ही में उनके लेटेस्ट बोल्ड अंदाज ने फैंस को दीवाना बना दिया है। इन तस्वीरों में मोनालिसा का स्टनिंग अवतार देखकर फैंस दंग रह गए हैं। ये ही नहीं एक्ट्रेस भी अपने लुक से फैंस को इंप्रेस करती हुई नजर आ रही हैं। मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान बेहद ही रिवीलिंग सिल्वर कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस जमीन पर बैठकर इठलाते हुए एक से बढ़कर एक सेक्सी अंदाज में पोज देते हुए कैमरे के अपना बोल्ड लुक कैप्चर करवा रही हैं। अभिनेत्री मोनालिसा की इन तस्वीरों ने एक बार फिर से इंटरनेट पर का तापमान बढ़ा दिया है। कानों में इयररिंग्स, लहराते हुए खुले बाल, और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। मोनालिसा आए दिन अपने नए-नए लुक्स की तस्वीरें और वीडियोज फैंस के बीच साझा करती रहती हैं। एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो बेकबू और फव्वारा चौक इंदौर की शान नाम के सीरियल में भी दिखाई दे चुकी हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत एलएचबी आधारित 20 ट्रेनों में हेड ऑन जनरेशन (एचओजी) प्रणाली शुरू

# एचओजी तकनीक से एसईसीआर ने 7 माह में बचाया 25 लाख लीटर से ज्यादा डीजल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में रेलवे ने महत्वपूर्ण ट्रेनों में हेड ऑन जनरेशन (एचओजी) तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। ईंधन की बचत में यह तकनीक बेहद कारगर साबित हो रही है। इस तकनीक का इस्तेमाल कर रेलवे ने बीते सात माह में 25 लाख लीटर से भी ज्यादा डीजल की बचत की है। इससे रेलवे को 17 करोड़ से भी ज्यादा राशि की बचत हुई है।



बता दें वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तहत तीनों मंडलों से चलने वाल 20 ट्रेनों को अत्याधुनिक 'हेड ऑन जेनरेशन (एचओजी) प्रणाली से लैस किया गया है।

अत्याधुनिक 'हेड ऑन जेनरेशन (एचओजी) प्रौद्योगिकी को अपनाने के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 20 ट्रेनें हरित यानी 'ग्रीन' ट्रेन हो गई है। अब ये ट्रेनें महंगे डीजल ईंधन को जलाने की बजाय ओवर हेड उपकरण (ओएचई) के माध्यम से सीधे ग्रिड से बिजली ले रही है। जिससे कि ट्रेनों के कोच में यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का लाभ मिलता है।

#### इंजन से सीधे कोच को मिलता है पॉवर

हेड ऑन जेनरेशन (एचओजी) इंजन से सीधे इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पावर केबल की शक्ति का उपयोग करके प्रकाश और एयर कंडीशनिंग के लिए कोचों को विद्युत आपूर्ति करने की एक प्रणाली है। एलएचबी आधारित ट्रेनों के कोचों के लिए विद्युत उत्पादन के सबसे आम तरीके को एंड ऑन जेनरेशन (ईओजी) कहा जाता है ।

प्रत्येक एलएचबी गाड़ियों पर कोचों को विद्युत आपूर्ति करने के लिए डीजल इंजन ले जाने वाली पावर कार के दो सेट होते थे जिसमें कोच में लाइट और एयर कंडीशनिंग के लिए बिजली की आपूर्ति ट्रेन के दोनों सिरों पर लगाए गए विद्युत कारों में उपलब्ध डीजल जेनरेटर सेट के माध्यम से की जाती है। अब इन सभी 20 ट्रेनों में इंजन के माध्यम से ओवर हेड उपकरण (ओएचई) से विद्युत की सप्लाई की जा रही है।

#### इन 20 ट्रेनों में लगी है 'हेड ऑन जेनरेशन (एचओजी) प्रणाली

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार इस प्रणाली का उपयोग 20 ट्रेनों में किया जा रहा है। इनमें बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस, बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस, बिलासपुर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस, बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस, बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस, बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस, छत्तीसगढ़ सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस, दुर्ग-निज़ामुद्दीन हमसफ़र एक्सप्रेस, दुर्ग-जम्मूतवी एक्सप्रेस, दुर्ग-फ़िरोजपुर अंत्योदय एक्सप्रेस, कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस, दुर्ग नौतनवा एक्सप्रेस, दुर्ग-कानपुर बेतवा एक्सप्रेस, दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस, कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, दुर्ग-जयपुर एक्सप्रेस, दुर्ग-उधमपुर एक्सप्रेस, दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस व रायगढ़-गोंदिया जनशताब्दी एक्सप्रेस शामिल है ।

#### ट्रेनों में HOG प्रणाली के यह हैं लाभ

- डीजल की नगण्य खपत के परिणाम स्वरूप करोड़ो रुपये से भी अधिक मूल्य की डीजल की वार्षिक बचत।
- डीजल जलने से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने के लिए विद्युत परिवहन व्यवस्था की ओर अग्रसर।
- ट्रेनों में उच्च क्षमता वाले डीजल जनरेटर से होने वाले ध्वनि प्रदूषण का उन्मूलन कर इस प्रकार यात्रियों की सुविधा में वृद्धि करता है।
- रेलवे ने छोटे इंजन वाले नए प्रकार की पावर कारों का निर्माण शुरू कर दिया है इसमे जो स्थान पहले भारी इंजनों के लिए आरक्षित था वह सामान्य वर्ग के बैठने के लिए उपयोग, इस प्रकार ट्रेनों में यात्रियों के लिए बैठने की क्षमता में वृद्धि।
- डीजल जनरेटर से तेल और जनरेटर के अन्य खतरनाक ज्वलनशील उपकरणों को पृथक करने के कारण आग के खतरों मे कमी।

## स्वच्छ, ईमानदार सरकार चुनने के लिए सबका मतदान करना जरूरी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर चांपा।** लोकतंत्र का उत्सव मनाने सभी तैयार है। युवा वोटरों में पहली बार मतदान को लेकर उत्साह भी है। पत्रिका के जागो जनमत कार्यक्रम के तहत इस बार शासकीय उमावि सरखों में स्कूल परिवार के सदस्यों और छात्र-छात्राओं ने आने वाले चुनाव को लेकर अपनी राय बेबाकी से रखी।

इस दौरान ग्राम पंचायत सरखों के सरपंच लोचन साव और पूर्व सरपंच संजय राठौर की मौजूदगी में छात्र-छात्राओं ने मतदान के लिए परिजनजन समेत अन्य लोगों को भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने जागरूक करने की बात कही। वहीं युवा वोटर्स ने पहली बार मतदान करने का मौका मिलने को लेकर अपनी खुशी का इजहार भी किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी बातें भी रखी कि गांव-गांव में अच्छे स्कूल और अच्छे टीचर्स की पदस्थापना होनी चाहिए ताकि छात्र-छात्राएं अच्छी शिक्षा हासिल कर सके। इस मौके पर नागरिक संजय साव, ममता सिंह, प्रभा उपाध्याय, धनेश्वरी शांडिल्य, सरिता साहू, रंजना वाहने, मंजू शशि मिंज, किरण पांडेय, लालिमा दुबे, किरणलता राठौर समेत छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मतदान को लेकर युवाओं में काफी उत्साह है। छात्रों का कहना है कि लोकतंत्र के महापर्व में मतदान की आहुति डालने के लिए सभी विद्यार्थी वर्ग काफी उत्सुक है। उन्होंने कहा कि इस महापर्व में सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए। निर्वाचित जनप्रतिनिधि को युवा वर्ग की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए प्रयास करना चाहिए। ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिल सके। मतदान में सबकी सहभागिता जरूरी है। मतदान में शत-प्रतिशत सहभागिता से ही लोकतंत्र को मजबूत किया जा सकता है।

## खास खबर

### प्रेक्षक ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**गरियाबंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अंजु चौधरी ने आज राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 268 स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 271 सिविल लाईन का जायजा लिया। इसी तरह बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 5 सढ़ौली एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 11 पारागांव का निरीक्षण किया। इस दौरान गरियाबंद एसडीएम भूपेंद्र साहू, तहसीलदार प्रवीण पोर्ते अन्य अधिकारी उपस्थित थे। प्रेक्षक अंजू चौधरी ने मतदान केंद्रों में पहुंचकर आवश्यक व्यवस्था जैसे रैम्प, लाईट, पेयजल एवं शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किये गये दीवाल लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प तथा मतदान केन्द्रों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने मतदान केंद्र का अवलोकन करने के साथ ही ग्रामीणों से मिलकर उन्हें मतदान हेतु प्रेरित किया।

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर आभार व्यक्त किया

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले की चारों विधानसभाओं में शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न मतदान संपन्न होने पर मतदान कार्य संपादित एवं संपन्न कराने वाले सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों सहित जिले के नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में मतदान कराने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ मतदान सुचारू ढंग से संपन्न कराने में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया, वहीं सुरक्षा कर्मियों द्वारा भी सुरक्षा जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया गया। जिले के नागरिकों ने पूरे सहयोग के साथ निर्वाचन व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए उत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लेकर मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी आस्था व्यक्त की। नए मतदाताओं ने भी पहले बार मताधिकार का प्रयोग करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों ने भी मतदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सभी तरह के समाचारों का पर्याप्त कव्हरेज करते हुए सभी को अवगत कराया। स्काउट-गाईड, एनसीसी एवं एनएसएस के छात्रों द्वारा मतदान के समय उपयोगी भूमिका निभाई गई, जो सराहनीय है। मतदान दलों को लाने-ले जाने के अन्य कार्यों में लगे वाहन चालकों के सहयोग के बिना यह निर्वाचन कार्य भली-भांति संपादित नहीं हो पाता, इनके पूर्ण समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठ होने के फ्लस्वरूप यह कार्य संपादित हुआ है, इसके लिए सभी वाहन चालक बधाई के पात्र हैं।

## एनटीपीसी कोरबा ने हर्षोल्लास से मनाया एनटीपीसी का 49वां स्थापना दिवस

श्रीकंचनपथ न्यूज


**कोरबा।** कोरबा सुपर थर्मल पावर स्टेशन में 7 नवंबर 2023 को एनटीपीसी लिमिटेड के 49 वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया । मधु एस, परियोजना प्रमुख (कोरबा) ने विकास भवन परिसर में एनटीपीसी ध्वज फहराते हुए उपस्थित कर्मचारियों को स्थापना दिवस की बधाई दी। यह सुखद संयोग है कि, कोरबा परियोजना का स्थ्थापना दिवस भी आज ही होता है । ष्मैं कामना करता हूं कि कंपनी, कंपनी के कर्मचारियों, और उनके परिवारजन का भविष्य उज्ज्ज्वल, सुखद व समृद्ध हो,मधु एस। एनटीपीसी ध्वजारोहण के साथ ही सभी एनटीपीसी कर्मियों ने नैगमिक गीत ''अंधकार की घोर निशा में ज्योति किरण बनकर हम छाये'' सस्वर गयाया। इस अवसर पर केक भी काटा गया। मधु एस. परियोजना प्रमुख (कोरबा) ने अपने संबोधन में कहा कि एनटीपीसी की स्थापना 07 नवम्बर 1975 को राष्ट्र को निर्बाध और सुनिश्चित बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हुई थी । आज एनटीपीसी विगत 49 वर्षों में अधिक सशक्त हुई है तथा यह विद्युत क्षेत्र में वैश्विक रूप से बिजली उत्पादन व्यवसाय की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में उपस्थिति के साथ खुद को प्रमुख विद्युत कंपनी के रूप में स्थापित किया है, जो टीम एनटीपीसी के सदस्यों की प्रतिबद्धता, समर्पण, सक्षमता और सृजनात्मकता के कारण ही संभव हो पाया है । हमने अपनी उत्पादन के साथ-साथ पर्यावरण- हितैसी अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति के लिए महत्वपूर्ण पहल की है, जो भविष्य में निरंतर सफ्लता सुनिश्चित करेगी। मधु एस. परियोजना प्रमुख (कोरबा) ने बताया कि आज का दिन हमारे लिए गौरव का दिन है, क्ष्योंकि आज हम 07 नवंबर 1975 में, शून्ष्य से शुरू होकर 73,824 मेगावाट, कंपनी के रूप में अपना 49 वा स्थ्थापना दिवस मना रहे हैं।

इसी सत्र में उन्होंने कहा कि आज एनटीपीसी न सिर्फ थर्मल पावर उत्ष्पादन के व्ष्यवसाय में है अपितु, यह गैस, सोलर, हाइड्रो, विंड सभी माध्ष्यमों से बिजली उत्ष्पादन कर देश को रोशन कर उसके विकास में अपना योगदान दे रहा है । एनटीपीसी विद्युत कार्य से जुड़े सभी क्षेत्रों में अवसरों की तलाश कर रही है । एनटीपीसी का लक्ष्ष्य 2032 तक 130 गीगावाट क्षमता प्राप्ष्त करने का है।

40 साल पुराना होने के बावजूद हमारा कोरबा स्टेशन लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है । हमने सभी महत्ष्वपूर्ण मापदंडों में अपनी कुशलता सिद्ध की है । अक्ष्टूबर 2023 माह के अंत तक, कोरबा परियोजना का प्रदर्शन उपलब्धि भरा रहा है । हमने अक्ष्टूबर माह के अंत तक 89.02: च्स्थ् के साथ 11,887.857 मिलियन यूनिट का उत्पादन किया है ।

## देश के 15 से अधिक राष्ट्रीय व्यापारी संगठनों ने एकजुट होकर कॉर्पोरेट सेक्टर के खिलाफ हल्ला बोला

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि देश के रिटेल व्यापार के 15 से अधिक व्यापार वर्गों के राष्ट्रीय संगठनों ने कॉर्पोरेट सेक्टर की उन कंपनियों जो वितरकों और डीलर्स के माध्यम से अपना सामान बेचती हैं, के ख़िलाफ़ देश भर में कन्फ़ेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के नेतृत्व में एक बड़ा मोर्चा खोल दिया है और आगामी 22 दिसंबर को दिल्ली में उस मुद्दे पर एक विराट व्यापारी सम्मेलन करने का निर्णय लिया है जिसमें देश के सभी राज्यों के व्यापारी भाग लेंगे। यह निर्णय कल दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित एक राष्ट्रीय बैठक में लिया गया जिसकी अध्यक्षता कैट के कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजमोहन अग्रवाल ने की। बैठक में फेडरेशन ऑफ़ऑटोमोबाइल ट्रेडर्स फेडरेशन, ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन, ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स डिस्ट्रिब्यूटर्स फेडरेशन, ऑल इंडिया पेपर मर्चेंट्स एसोसिएशन, ऑल इंडिया ज्वैलरी एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स डीलर्स फेडरेशन, ऑल इंडिया टायर डीलर्स एसोसिएशन, टॉयस एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया, ऑल इंडिया खाद्य तेल डीलर्स एसोसियेशन, फार्मास्यूटिकल डीलर्स एसोसिएशन सहित हार्डवेयर, रबर प्लास्टिक, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, स्टेशनरी, खाद्य वस्तुओं, टूर एवं ट्रैवेल्स आदि के व्यापारिक संगठनों के व्यापारी नेता भी शामिल हुए। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कॉर्पोरेट सेक्टर के निर्माता अपने उत्पाद बेचने के लिए डिस्ट्रिब्यूटर्स एवं डीलर्स बनाते हैं और उनसे एक एग्रीमेंट करते हैं जो एकतरफ़ होता है जिसके ज़रिए कंपनियाँ अपनी मनमानी करती हैं और जब चाहे किसी का भी वितरण कैंसिल कर देती हैं और वो भी बिना कोई कारण बताए। इससे व्यापारियों को न केवल बड़ी आर्थिक हानि होती है बल्कि उनका सम्मान भी गिरता है। बैठक में सभी व्यापारी नेताओं ने इस विषय को गंभीर मानते हुए अब इस मुद्दे पर आर पार की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया है। देश में विभिन्न व्यापार वर्गों के लगभग 20 लाख डिस्ट्रिब्यूटर्स एवं डीलर्स हैं जो लगभग 4 करोड़ से अधिक रिटेलर्स को सामान देते हैं वहीं लगभग 4.5 करोड़ अन्य प्रकार के व्यापारी हैं जो सब मिलकर देश के उपभोक्ताओं की ज़रूरतों की आपूर्ति करते हैं। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने कहा कि अब समय आ गया है जब पूरे विश्व की इस सबसे बड़ी सप्लाई चेन को चुस्त दुरुस्त किया जाये और इसकी ख़ामियों को ठीक करने के लिए आवश्यक सुधार किए जाएँ। इस विषय पर कैट सरकार से आग्रह करेगा कि एक नेशनल सप्लाई चेन पालिसी बनाई जाए तथा एक फ़्रैंचाइज़ क़ानून भी बनाया जाये जिसके अंतर्गत सप्लाई चेन काम करे और जिसके अनुरूप ही एग्रीमेंट का एक संतुलित मॉडल दस्तावेज बनाया जाये।

## निर्वाचन कार्यो को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज




**गरियाबंद।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिला पंचायत के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा की उपस्थिति में मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण एवं सामग्री वापसी के बारे में पॉवर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर छिकारा ने कहा कि निर्वाचन का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है इसलिए निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी गंभीरता एवं सजगता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है। निर्वाचन में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने कार्यों एवं दायित्वों का समुचित जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ताकि निर्वाचन कार्य में किसी भी तरह की चूक न हो, जिससे की अधिकारी - कर्मचारी निर्बाध रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सकारात्मक माहौल में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान सामग्रियों के वितरण एवं वापसी के समय मतदान दल के अधिकारियों के साथ मधुर एवं आत्मीय व्यवहार करने को कहा। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बेहतरीन कार्यों के संपादन के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, विधानसभा क्षेत्र-54 राजिम के रिटर्निंग ऑफिसर श्री धनंजय नेताम, बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र - 55 के रिटर्निंग ऑफिसर सुश्री अर्पिता पाठक, मैनपुर एसडीएम हितेश पिस्दा सहित मास्टर ट्रेनर मौजूद थे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल ने कहा कि मतदान दल के सदस्यों का ड्यूटी आदेश देखकर, सत्यापन करके ही उन्हें मतदान सामग्री दी जाये। उन्होंने मतदान सामग्री में वीवीपेट, ईवीएम, रिज़र्व ईवीएम, वीवीपेट बैटरी बस्ता आदि सामग्री सूची सहित दी जाये तथा मिलान करके वापस सामग्री ली जाये। मतदान दलों को वितरण की जाने वाली सामग्री के विषय स्पष्ट जानकारी नाम सहित होना चाहिए। इसके साथ ही आपसी समन्वय से इस महत्वपूर्ण कार्य का संपादन करना चाहिए।

मतदान सामग्री वितरण दल में सात सदस्य रहेंगे। सभी सदस्य अपने दायित्वों का निर्वहन धैर्य पूर्वक करें। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण एवं वापसी के कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण निर्वाचन प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण समुचित एवं सही तरीके से होना अत्यंत आवश्यक है।

### स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशानुसार तथा जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के मार्गदर्शन में जिले में लगातार स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल गरियाबंद में स्कूली विद्यार्थियों को भी अपने अभिभावकों को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने बताया कि 17 नवंबर को संपन्न होने जा रहे चुनाव में शत प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसलिए यह सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कक्षा 06वीं से 11वीं तक के विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किया गया।


Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### गांजा तस्करी करने वाली दो महिला गिरफ्तार

**महासमुंद ( ए )।** एक्टिवा सवार महिलाएं गांजा के साथ पकड़ी गई है। पिथौरा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक्टिवा में सांकरा से रायपुर की ओर गांजा परिवहन की जा रही है। जिस सूचना पर पुलिस की टीम ने टोल नाका पिथौरा के पास नाकेबंदी किया। इस दौरान दो महिलाएं पकड़ी गई है। जिसमें सोनू तारम पति रवि उम्र 38 साल और जन्नत परविन पिता शेख गुलाम उम्र 16 साल निवासी रावभाठा पारा खमतराई शामिल है। दोनों के कब्जे से 3 किलो मादक पदार्थ गांजा जब्त की गई है।

यह सम्पूर्ण कार्यवाही पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में अति पुलिस अधीक्षक आकाश राव एवं अनु. अधिकारी पिथौरा प्रेम साहू के निर्देशन में थाना पिथौरा प्रभारी निरीक्षक अमित शुक्ला, स.उ.नि. लक्ष्मण साहू , आरक्षक उमेश साहू, शैलेष ठाकुर(साइबर), देव कोसरिया (साइबर) एवं महिला आरक्षक दिलेश्वरी ध्रुव के द्वारा की गई है।

### अवैध परिवहन व उत्खनन करते 7 वाहन जब्त

**जांजगीर-चांपा ( ए )।** कलेक्टर के निर्देशन में खनिज उड़नदस्ता टीम की ओर से जिला जॉजगीर-चॉपा के पीथमपुर व पामगढ़ क्षेत्र में खनिजो के अवैध परिवहन वाहनो व अवैध भण्डारण करने वाले स्थलो का औचक जांच किया गया। खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि जॉच के दौरान जिले में अवैध परिवहन करने वाले खनिज रेत के 05 प्रकरण (3 ट्रैक्टर, 02 हाईवा), खनिज पत्थर के 02 प्रकरण (02 हाईवा) दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजों के अवैध परिवहन करने वाले 07 वाहनों को जप्त कर अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के तहत कार्रवाई की जावेगी समस्त वाहनो को पुलिस अभिरक्षा मे रखा गया है। जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जॉच किया जा रहा है। अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान व खनिज अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### दूध नहीं खरीदने के विवाद में चाकूबाजी, पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक दूध बेचने वाले ने दूसरे दूध बेचने वाले के खिलाफ उससे दूध नहीं खरीदने पर चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घायल का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस के मुताबिक बैरनबाजार निवासी नंदूयादव ने बैजू गौली के खिलाफ चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। नंदू ने पुलिस को बताया है कि, वह दूध, दही का कारोबार करता है। वह पूर्व में बैजू से दूध खरीदता था। दूध की क्वालिटी सही नहीं होने की वजह से वह बैजू की जगह किसी दूसरे डेयरी वाले से दूध खरीदने लगा। नंदू के अनुसार मंगलवार को वह गोकुल नगर में दूध खरीदने के लिए गया था। इसी दौरान शुभम मार्ट के पास बैजू ने उसका रास्ता रोक कर उससे दूध नहीं खरीदने की वजह पूछते हुए उसके साथ विवाद करते हुए जेब से चाकू निकालकर उसकी जांघ में चाकू से चार से पांच वार कर उसे घायल कर दिया।

# दो साल पहले गायब हुई किशोरी एक साल के बच्चे के साथ लौटी, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** मस्तूरी क्षेत्र की दो साल पहले लापता हुई किशोरी एक साल के बच्चे के साथ गांव लौटी। किशोरी ने बताया कि उसकी पहचान का युवक अपने साथ उसे बहला फुसलाकर भागा ले गया था। नाबालिग के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपित युवक को दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।



मस्तूरी क्षेत्र की नाबालिग एक मई 2021 को अपने घर से गायब हो गई थी। मामले की शिकायत स्वजन ने मस्तूरी थाने में की थी। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की। लेकिन किशोरी की जानकारी पुलिस को नहीं मिल पाई। मामले का राज तब हुआ जब घटना के दो साल बाद नाबालिग अपने एक साल के बच्चे के साथ घर लौटी। मामले की शिकायत के आधार पर पुलिस ने किशोरी का बयान दर्ज कर किया।

किशोरी ने बताया कि देवगांव निवासी करण बंजारे (21) से जान-पहचान थी। इसी बीच आरोपित करण उसे बहला-फुसलाकर कर अपने साथ भगा ले गया था। युवक ने नाबालिग के साथ शादी करने का सांझा देकर शारीरिक संबंध बनाया। इससे किशोरी का गर्भ ठहर गया। बच्चे के जन्म होने के एक साल बाद आरोपि युवक नाबालिग को उसके गांव छोड़ आया। किशोरी के बयान के आधार पर पुलिस ने करण बंजारे के खिलाफ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

# लोनर हाथी अपने ही दल के साथ भिड़ कर घायल, दाहिने पैर में चोट



**कोरबा ( ए )।** हाथी मानव द्वंद्व के बीच अब हाथियों में आपसी द्वंद्व शुरू हो गया है। कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज में चार लोगों की जान ले चुका लोनर हाथी इन दिनों जख्मी हो गया है। दल मिलने के दौरान हुए द्वंद्व में लोनर के पीछे की ओर दाहिने पैर में चोंट लगी है। लंगड़ाकर चल रहे हाथी के इलाज में वन विभाग जुट गया है।

पसान व केंदई रेंज में विचरण कर रहे हाथियों को लेकर प्रतिदिन नई घटनाएं सामने आ रही हैं। कभी हाथी फसल को नुकसान कर मकान को ढहा रहे हैं तो कहीं हाथी के बच्चे की मौत हो रही है। मंगलवार की रात को लोनर हाथी अपने दल के हाथियों के साथ भिड़ गया। इस द्वंद्व में लोनर के शरीर के कई अंदरूनी हिस्से में चोट आई। रात को घायल हो चुके हाथी को चलने का काफी समस्या हो रही है। लंगड़ाकर चलने के कारण उसकी गति कमजोर पड़ गई है। वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत ने बताया कि इन दिनों वनमंडल कटघोरा में 49 हाथी अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे है। जिनमें से 19 हाथी पसान रेंज के सेमरहा परिसर में डेरा डाले हैं।

29 हाथी केंदई परिक्षेत्र के कोरबी परिसर में एक लोनर कोरबी परिसर के ओडारबहरा में विचरण कर रहा है। इस हाथी को दल से मिलानें का वन विभाग की ओर से प्रयास किया जा चुका है। मंगलवार की शाम यह हाथी अपने दल में मिलने चला गया, लेकिन हाथियों के समूह इसे स्वीकार नहीं किया। दल और के साथ हुई आपसी द्वंद्व में लोनर को काफी चोंटे आई हैं। हाथी ठीक से चल नहीं पा रहा है। इसकी सूचना स्थानीय वन कर्मियों ने वनमंडलाधिकारी को दी। पशुधन विकास विभाग के पशु चिकित्सा अधिकारी को हाथी के इलाज के लिए भेजा गया है। हाथियों के विचरण लगातार फसल की हानि हो रही रही है। विचरण क्षेत्र में मुनादी कर लोगों को जंगल की ओर न जाने की चेतावनी दी जा रही है। उधर दो दिन पहले हुई हाथी के बच्चें की मौत के बाद कोरबी क्षेत्र में विचरण करे रहे थी अधिक संवेदनशील हो गए हैं। लोगों को जंगल की ओर नहीं जाने की चेतावनी दी जा है।

# आबकारी विभाग ने की 262.960 बल्क लीटर देशी शराब जब्त

**जांजगीर-चांपा ( ए )।** कलेक्टर के निर्देशन में आबकारी विभाग की ओर से अवैध शराब निर्माण व भंडारण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी प्रवीण वर्मा ने बताया कि कुल प्रकरण 6 में 262.960 बल्क लीटर (259 लीटर महुआ शराब, 3.960 ली. देशी मदिरा) जब्त किया गया व 3300 कि.ग्रा. महुआ लहान (नष्ट) किया गया।



उन्होंने बताया कि ग्राम खोरसी सबरिया डेरा में नदी किनारे से 100 बल्क लीटर व 1300 किग्रा महुआ लहान (नष्ट) बरामद, ग्राम देवरी सबरिया डेरा में तालाब किनारे से कुल 70 बल्क लीटर महुआ शराब व 1200 कि.ग्रा. महुआ लहान ( नष्ट ) बरामद, ग्राम रहौद सबरिया डेरा में तालाब किनारे कुल 60 बल्क लीटर महुआ मदिरा एवं 800 किग्रा महुआ लहान (नष्ट) बरामद, ग्राम कटौद में सबरिया डेरा के बांधातालाब के किनारे से 25 बल्क लीटर महुआ मदिरा बरामद किया गया। उक्त मदिरा बरामद किये जाने पर आब.अधि. की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम किया गया।

इसी प्रकार ग्राम खैरताल में संतोष के संज्ञान आधिपत्य से 04 बल्क लीटर महुआ मदिरा बरामद किये जाने पर आब. अधि. की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण कायम किया गया। ग्राम मिस्दा में टीकम के संज्ञान आधिपत्य से 22 पाव कुल 3.96 बल्क लीटर देशी मदिरा प्लेन बरामद किये जाने पर आब.अधि. की धारा 34(1) ख के तहत प्रकरण कायम किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक मनोज राठौर, रमेश सिदार व यीवरेश कुमार एवं मुख्य आरक्षक नेतराम बंजारे, अनवर मेनन एवं आरक्षक राजेश पाण्डे, देवदत्त जायसवाल, गीताकमल व लक्ष्मी भगत शामिल रहे।

# भिलाई से संदिग्ध आतंकी को यूपी एटीएस ने किया गिरफ्तार स्मृति नगर में किराए के मकान में रह रहा था वजीहुद्दीन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर एक बार फिर सुर्खियों में है। दरअसल यूपी एटीएस ने भिलाई के स्मृति नगर से एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। एटीएस उसे गिरफ्तार कर अपने साथ लखनऊ ले गई है। मामला मंगलवार का बताया जा रहा है। लखनऊ ले जाने से पहले एटीएस की टीम ने संदिग्ध आतंकी को दुर्ग कोर्ट में पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर लिया।



स्मृति नगर पुलिस के मुताबिक यूपी एटीएस ने मंगलवार दोपहर पुलिस से संपर्क कर स्मृति नगर निवासी वजीहुद्दीन का पता ठिकाना पूछा था। वजीहुद्दीन के बारे में स्मृति नगर पुलिस को सिर्फ यह पता है कि यह युवक अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर चुका है। वह अलीगढ़ में एक निजी कोचिंग सेंटर में पढ़ता था। स्मृति नगर में वह किराए के मकान में रहता था। मंगलवार दोपहर जब एटीएस की टीम जब स्मृति नगर स्थित उसके निवास पर पहुंची तो वजीहुद्दीन घर पर ही मिल गया।

एटीएफ पुलिस ने उसे अपनी कस्टडी में लिया तथा फौरन दुर्ग कोर्ट में प्रथम श्रेणी न्यायाधीश संतोष ठाकुर की अदालत में पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर की मांग की। कोर्ट ने ट्रांजिट रिमांड दे दिया। उसके बाद एटीएस उसे लेकर लखनऊ रवाना हो गई।

# हिस्ट्रीशीटर व पूर्व पार्षद अजय दुबे गिरफ्तार छेड़खानी व मारपीट जैसे मामलों में था फरार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग नगर निगम के पूर्व पार्षद व दुर्ग कोतवाली के हिस्ट्रीशीटर गुंडा-बदमाश अजय दुबे लंबे समय बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा। पुलिस ने आरोपी को पद्मनाभपुर से गिरफ्तार किया। अजय दुबे के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट और व्यापारियों से अवैध उगाही जैसे चार मामले पंजीबद्ध थे। अजय दुबे पर अलग अलग मामलों में थारा 341, 294, 506, 509(ख), 354 (क), 354 (घ), 383, 384 के तहत अपराध दर्ज थे।




पुलिस ने बताया कि पचरी पारा क्षेत्र की महिलाओं ने पुलिस से शिकायत की थी कि आरोपित अजय दुबे उन्हें फोन पर अश्लील मैसेज भेजता है। आरोपी ने एक महिला को अपनी आपत्तिजनक फोटो भेजकर उससे छेड़खानी की थी। इसके साथ ही वह महिलाओं का पीछा भी करता था। आरोपी ने एक व्यापारी से मारपीट की थी और तीन व्यापारियों से अवैध उगाही की थी। इन सभी मामलों की शिकायत पर पुलिस ने अलग-अलग समय पर उसके खिलाफ चार मामले पंजीबद्ध किए थे। एफआईआर होने के बाद से आरोपी कोंडागांव और चिरमिरी क्षेत्र में छिपा हुआ था। हाल ही में वह दुर्ग लौटा और पद्मनाभपुर क्षेत्र में छिपकर रह रहा था। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने अजय दुबे को गिरफ्तार किया।

# महिला वोटर्स को बांटने ले जा रहे साड़ियां जब्त, पुलिस को देख भागा चालक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के तहत चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों द्वारा वोटर्स को लुभाने के प्रयास भी तेज हैं। चुनाव आयोग के निर्देश पर सभी जिलों में निगरानी दलों द्वारा जांच की जा रही है। इसी कड़ी में बिलासपुर के कोटा क्षेत्र में जोगीपुर-भैंसाझार नहर के किनारे बुधवार को पुलिस ने बड़ी मात्रा में साड़ी के बंडल जब्त किए हैं। बताया जा रहा है कि वोटर्स को लुभाने के लिए इन साड़ियों को पिकअप में लोड़ किया जा रहा था। पुलिस को आता देख चालक पिकअप लेकर भाग गया।




दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि कोटा क्षेत्र में जोगीपुर-भैंसाझार नहर के किनारे एक पिकअप में साड़ियों के बंडल लोड किया जा रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके के लिए रवाना हुई। पुलिस को देखकर ड्राइवर ने आनन-फानन में पिकअप को लेकर भाग निकला। वहीं नहर किनारे से पुलिस ने साड़ियां को बंडल को जब्त किया है। पुलिस को आशंका है कि साड़ियां के बंडल मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए ले जाने की आशंका व्यक्त की है। फिलहाल पुलिस फरार आरोपी युवक तलाश में जुटी है। पुलिस ने करीब 20 बंडल साड़ियां जब्त की हैं। साड़ियों की कीमत लगभग 2 लाख 40 हजार रुपए आंकी जा रही है।

# मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला डॉक्टर से लूट हाथ से मोबाइल छीन भागा स्कूटी सवार बदमाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** वैशली नगर क्षेत्र में बुधवार को एक महिला डॉक्टर लूट का शिकार हो गई। शांति नगर निवासी महिला डॉक्टर सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकली थी। इस दौरान अज्ञात बदमाश स्कूटी से पहुंचा और पलक झपकते ही उनका मोबाइल छीनकर भाग गया। अचानक हुई इस घटना से महिला डॉक्टर दहशत में आ गई। महिला डॉक्टर ने वैशाली नगर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत पर वैशाली नगर पुलिस ने अज्ञात बदमाशा के खिलाफ धारा 392 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।



मिली जानकारी के अनुसार मकान नंबर 214 सड़क 2, शांतिनगर निवासी सलोमी सेमीएल पेशे से डॉक्टर है। रोज सुबह वह मॉर्निंग वॉक पर निकलती है। बुधवार सुबह भी वह मॉर्निंग वॉक पर निकली। लगभग 8:30 बजे सुंदर नगर पार्क के पास एक स्कूटी सवार बदमाश उसके नजदीक पहुंचा और हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गया। सब कुछ इतना अचानक हुआ कि महिला डॉक्टर स्कूटी का नंबर भी नोट नहीं कर पाई। मोबाइल वन प्लस कंपनी का था जिसमें जिओ व बीएसएनएल का सिम लगा हुआ है। फिलहाल मामले में वैशाली नगर पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### डेंगू की रोकथाम हेतु सघन अभियान

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। 08 नवम्बर 2023 को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के प्रकरण निरंक है। वर्तमान में डेंगू एलिजा पॉजिटिव भर्ती मरीजों की संख्या 02 है। संभावित डेंगू मरीजों के निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मॉस्किटों सोर्स रिक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। नगर निगम भिलाई, चरोदा, रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फगिंग का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम से प्राप्त जानकारी अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र, स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण/शहरीय की टीम द्वारा कुल 178635 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है, जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या 204908 जिनमें से 85019 खाली कराये गये सभी कंटेनरों में 118778 स्थानों में टेमीफस डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया. 174627 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी।

### दुर्ग-भिलाई में दीपावली की तैयारी जोरों पर, कल धनतेरस से होगी पर्व की शुरुआत

# धनतेरस पर बन रहा अक्षय लक्ष्मी कारक योग शुभ-लाभ के लिए प्रदोष मुहूर्त में करें खरीदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। दीपावली पर्व की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। 10 नवंबर को धनतेरस और धन्वंतरि जयंती है और इसी के साथ दीपावली पर्व की शुरुआत होगी। इस दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जनक भगवान धन्वंतरि समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश के साथ प्रकट हुए थे, इसलिए इस दिन बर्तन व सोना चांदी के आभूषण खरीदने की परंपरा है। इस बार धनतेरस पर अमृत, प्रीति और सर्वार्थ सिद्धि योग जैसा अक्षय लक्ष्मी कारक योग है जो शुभखरीदी के लिए उपयुक्त बताया जा रहा है।





ज्योतिषियों के अनुसार सूर्यास्त के समय शाम 5.29 बजे से लेकर अगले दो घंटे 24 मिनट तक प्रदोष मुहूर्त में हर छोटी से छोटी या बड़ी से बड़ी खरीदी अक्षय लक्ष्मी का कारक बनेगी। त्रयोदशी तिथि 10 नवंबर को दोपहर 12.35 बजे से आरंभ होगी, जो 11 नवंबर को दोपहर 1.57 बजे समाप्त होगी।

चुंकि दीपावली का पर्व हिन्दुओं का प्रमुख पर्व है और इस वजह से इसमें शुभ मुहूर्त का विशेष महत्व होता है। इस देखते हुए धनतेरस पर भी शुभ योग में खरीदी करना लोगों के लिए फायदेमंद होगा।

#### साल भर रहता है इंतजार

मान्यता है कि धनतेरस के साथ ही दीपावली पर्व की शुरुआत होती है। साल भर से लोग धनतेरस पर शुभ खरीदी का इंतजार करते हैं। इस बार भी दीपावली से पहले धनतेरस के लिए बाजार सजे हुए हैं। धनतेरस की खरीदी के लिए लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। शहर के तमाम बाजारों में दुकान दार भी धनतेरस का इंतजार कर रहे हैं। दीपावली त्योहार के लिए हर तरह की खरीदी धनतेरस के दिन की जाती है। कपड़ों से गाड़ी तक, बर्तन से लेकर झाड़ू तक धनतेरस में खरीदा जाता है। वहीं सबसे ज्यादा व्यापार सर्राफा बाजारों में होता है।

#### दुर्ग भिलाई में करोड़ों के कारोबार का अनुमान

धनतेरस पर दुर्ग भिलाई के बाजारों में जमकर धन बरसने वाला है। एक अनुमान के अनुसार धनतेरस पर करोड़ों के कारोबार की उम्मीद की जा रही है। दुर्ग शहर में सर्राफा बाजार और भिलाई में जवाहर मार्केट, आकाश गंगा, सेक्टर-6 ए मार्केट व रिसाली में मुख्य मार्केट में धनतेरस को लेकर विशेष तैयारियां है। दीपावली के बाद वैवाहिक सीजन भी है और इसे देखते हुए सर्राफा बाजार में बेहतर कारोबार की उम्मीद की जा रही है। ज्वेलरी के अलावा बर्तन बाजार में रौनक की उम्मीद की जा रही है।

#### ऑनलाइन शॉपिंग से व्यापारियों में चिंता

एक तरफ शहर के बाजारों में धनतेरस की तैयारियां जोरों पर हैं और दूसरी ओर ऑनलाइन शॉपिंग के कारण व्यापारियों में चिंता है। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्टीज द्वारा समय समय पर लोगों ने स्थानीय बाजारों में खरीदी करने का अनुरोध किया जाता रहा है इसके बाद भी लोगों की ऑनलाइन शॉपिंग से रूचि कम नहीं हो रही है।

व्यापारियों का कहना है कि लोगों के ई-कामर्स साइटों से की जा रही खरीदी के कारण स्थानीय बाजार में व्यापारी काफी प्रभावित हो रहे हैं। हर साल लाखों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यापारियों ने लोगों से अपील की है कि स्थानीय बाजारों से खरीदी करें।

## 37वें राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ का शानदार प्रदर्शन, 3 स्वर्ण के साथ अब तक 25 पदक जीते

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** गोवा में चल रहे 37वें नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ राज्य के खिलाडियों ने बुधवार को एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन किया है। छत्तीसगढ़ राज्य ने कलरीपायट्टु में 1 स्वर्ण 1 रजत एवं 5 काँस्य पदक एवं हैंडबॉल में 02 कांस्य पदक (01 कांस्य पदक इंडोर पुरुष हैंडबॉल में एवं 01 कांस्य पदक बीच हैंडबॉल महिला टीम) सहित कुल 09 पदक प्राप्त किए। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ को अब तक 3 स्वर्ण सहित 25 पदक जीतने में सफलता मिली है।




8 नवंबर को को कलरीपायट्टु में प्रतियोगिता के अंतिम दिन कोरबा की मिशा ने 45 से 60 किलोग्राम वजन वर्ग में महाराष्ट्र, केरल एवं फाइनल में असम को मात देकर स्वर्ण पदक, हाई किक में नोवेल साहू रजत पदक, फाइट इवेंट 60 से 75 किलोग्राम में रिशा नैन, खिलेश्वरी साहू हाई किक-5.6, विनय कुमार फाइट 60 से 80 किलोग्राम, मिलन एवं गगन सोनी फ्लेक्सिबल सोर्ड- शील्ड, त्रिवेणी एवं देमेश्वरी साहू तलवार एवं ढाल, खिलेश्वरी हाई किक में सभी ने काँस्य पदक प्राप्त किया है इस तरह छत्तीसगढ़ राज्य को दो दिन चले कलरीपायट्टु खेल में 1 स्वर्ण, 1 रजत एवं 8 काँस्य पदक सहित कुल 10 पदक हासिल हुए है।

उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में हंसा साहू एवं दिव्या अग्रवाल ने तलवार और तलवार में, पीयूष विश्वकर्मा एवं हर्ष साहू तथा मिशा एवं रिशा नैन ने डंडा फाइट में छत्तीसगढ़ को काँस्य पदक दिलाया था। कमलेश देवांगन टीम कोच एवं महासचिव छत्तीसगढ़ कलरिपयतु संघ ने बताया कि प्रतियोगिता शानदार रही खिलाड़ियों ने उम्मीद से ज्यादा अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए राज्य को पदक दिलाया है। कुल 22 स्वर्ण पदकों में 2 ही अन्य राज्यो को प्राप्त हो पाया जिसमे छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश रहे बांकी सभी स्वर्ण पदक केरल राज्य के खिलाड़ियों ने अर्जित किया है। प्रतियोगिता की गंभीरता इसी बात से तय हो जाती कि खिलाड़ियों ने कितना अच्छा प्रदर्शन किया होगा।

हैंडबॉल खेल में आज कांस्य पदक के लिए छत्तीसगढ़ का मुकाबला राजस्थान के साथ खेला गया जिसमे छत्तीसगढ़ ने मध्यांतर तक 14-11 गोलों की बढ़त हासिल करते हुए राजस्थान को राजस्थान को 32-26 से पराजित करते हुए कांस्य पदक पर कब्ज़ा किया। छत्तीसगढ़ की ओर से सबसे ज्यादा 10 गोल मोहम्मद आमिर ने किया, इनके अलावा बासा महेश ने 07 गोल, एस. ब्रिटैन सिंह ने 07 गोल, मिथुन ने 03 गोल, व्ही बीनू एवं प्रवीण ने 2-2 गोल तथा फ़िरोज़ अहमद खान ने 01 गोल किये। बीच हैंडबॉल महिला वर्ग में कांस्य पदक के लिए छत्तीसगढ़ का मुकाबला महाराष्ट्र के साथ खेला गया। पहले सेट में संघर्षपूर्ण मुकाबले में महाराष्ट्र ने छत्तीसगढ़ को 13-12 अंको से पराजित किया। दूसरे सेट में छत्तीसगढ़ ने महाराष्ट्र को 15-12 अंको से पराजित किया। एक एक सेट बराबर होने के पश्चात कांस्य पदक का फैसला टाई ब्रेक पेनल्टी शूट आउट के द्वारा किया गया जिसमें दोनों हो टीमें 4-4 अंको से बराबर पर रही ।

## मतदान उपरांत ईवीएम मशीनों की वापसी के प्रोटोकॉल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 हेतु आकस्मिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सेक्टर अधिकारियों को प्रदाय की गई ई.वी.एम. वीवीपीएटी मशीन्स एवं सामग्री की थैलियों को जिले के रिसीविंग सेंटर श्री शंकराचार्य इंजीनियरिंग महाविद्यालय जुनवानी भिलाई में रिसीव किया जाएगा। इसके तत्काल पश्चात उक्त मशीनों एवं सामग्री की थैलियों को जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट के पीछे स्थित ई.वी.एम. वीवीपीएटी वेयरहाउस में स्थानांतरित किया जाएगा। जिला कार्यालय के ई.वी.एम. वेयरहाउस में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम के मानक अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.के. दुबे से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान दिवस को मतदान के पश्चात् श्रेणी अर्थात् नॉन फंक्शनल पोल्ड ई.वी.एम. मशीन उक्त दोनों श्रेणी की मशीनों को रिसीविंग सेंटर शंकराचार्य इंजीनियरिंग महाविद्यालय जुनवानी भिलाई के स्ट्रांग रूम में विधानसभा वार अलग-अलग कमरों में रखा जाएगा।

## नगर निगम द्वारा रैली निकालकर किया गया मतदाताओं को जागरूक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा ने विधानसभा चुनाव मे शत-प्रतिशत मतदान को लेकर नगर निगम कार्यलय से निकलकर सिविल लाइन आदर्श स्कूल होते हुए नगर चौपाटी से गुजरकर न्यू बस स्टैंड से गांधी प्रतिमा से उताई चौक से नगर निगम कार्यालय तक में रैली निकाली। इसमे लोगों को विधानसभा चुनाव में अपने घर से निकलकर सारे काम छोड़कर मतदान करने का आग्रह किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र मीणा एवं नगर पालिक निगम के आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश और स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के नेतृत्व में निकाली गई जागरूकता रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। रैली में शामिल लोगों ने सिविल लाइन बस स्टैंड सहित विभिन्न क्षेत्र का भ्रमण कर शहरवासियों के बीच पहुंचकर मतदान की उपयोगिता और अपने अधिकार के बारे में प्रेरित किया। इस दौरान रैली में महिलाओं 'ने लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने का आह्वान किया। 17 नवंबर को क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदान कराने को लेकर नगर निगम द्वारा लगातार अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए और लोकतंत्र को मजबूत करने कार्यक्रम में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, स्व सहायता समूह की महिलाओं और नगर निगम के अधिकारी/कर्मचारियो ने रैली निकालकर मतदान करने का नारा लगाते हुए लोग को जागरूक किया।




## बीएसपी मोडेक्स इकाइयों ने हासिल किया अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने बेहतरीन तालमेल और समन्वय का प्रदर्शन करते हुए चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से अक्टूबर 2023 तक उत्पादन के अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इसी कड़ी में संयंत्र की सारी मोडेक्स इकाइयां सिंटर प्लांट-3, ब्लास्ट फर्नेस-8, एस एम एस-3, यूनिवर्सल रेल मिल एवं बार एवं रॉड मिल ने उत्पादन के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। सिंटर प्लांट-3: संयंत्र के मोडेक्स इकाई सिंटर प्लांट-3 ने अप्रैल से अक्टूबर माह 2023 में कुल 34,86,284 टन सिंटर का उत्पादन दर्ज करते हुए अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ अप्रैल से अक्टूबर माह 2022-23 में बनाये गए 30,01,267 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है।



**ब्लास्ट फर्नेस-8:** मोडेक्स इकाई ब्लास्ट फर्नेस-8 द्वारा हॉट मेटल का अप्रैल से अक्टूबर माह 2023 में कुल उत्पादन 15,77,092 टन दर्ज करते हुए अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ अप्रैल से अक्टूबर माह 2021-22 में बनाये गए 14,53,190 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है। एस एम एस-3: संयंत्र की मोडेक्स इकाई एसएमएस-3 टीम ने अप्रैल से अक्टूबर 2023 में कास्ट स्टील का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 19,95,337 टन दर्ज करते हुए अप्रैल से अक्टूबर 2022-23 में दर्ज किये गए 16,35,793 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है। बिलेट्स उत्पादन में भी 13,20,801 टन के रिकॉर्ड के साथ 10,03,772 टन के अप्रैल से अक्टूबर 2022-23 में बनाये अपने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। ब्लूम्स उत्पादन में भी 6,74,536 टन के रिकॉर्ड के साथ 6,29,021 टन के अप्रैल से अक्टूबर 2022-23 में बनाये अपने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। बार एवं रॉड मिल: संयंत्र की एक और मोडेक्स इकाई बार एवं रॉड मिल ने हाल ही में अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन करते हुए 1 लाख टन उत्पादन की सीमा को पार किया है, जो उसकी मापित उत्पादन क्षमता से 135 प्रतिशत रहा है। मिल ने अप्रैल से अक्टूबर माह 2023 में 5,64,731 टन का रिकॉर्ड दर्ज किया है, जबकि पिछला रिकॉर्ड अप्रैल से अक्टूबर माह 2022-23 में 4,77,743 टन था। यूनिवर्सल रेल मिल: भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल की ऊर्जावान टीम ने वित्त वर्ष 2023-24 में उत्पादन के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। इस वित्तीय वर्ष की अप्रैल से अक्टूबर माह 2023 में फिनिश्ड रेल का उत्पादन 5,02,300 टन किया जो वर्ष 2022-23 के अप्रैल से अक्टूबर की अवधि में उत्पादित 4,59,886 टन से अधिक है। इसके साथ ही प्राइम रेल तथा लांग रेल के उत्पादन में नया रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। इस दौरान 4,73,059 टन प्राइम रेल तथा 4,54,059 टन लॉन्ग रेल का उत्पादन करते हुए क्रमशः वर्ष अप्रैल से अक्टूबर माह 2022-23 में दर्ज 4,28,390 टन प्राइम रेल तथा वर्ष 2022-23 में दर्ज 4,14,675 टन लॉन्ग रेल के रिकॉर्ड को पार कर गया है। लॉन्ग रेल: यूनिवर्सल रेल मिल, रेल स्ट्रक्चरल मिल द्वारा कुल लॉन्ग रेल का उत्पादन 5,41,365 टन दर्ज किया गया, जोकि अप्रैल से अक्टूबर 2022-23 में दर्ज 4,79,736 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया है। प्लेट मिल: मोडेक्स इकाइयों के अलावा संयंत्र की प्लेट मिल ने भी वैल्यू ऐडेड स्पेशल स्टील प्लेटों का अब तक का सबसे अच्छा उत्पादन दर्ज किया है। प्लेट मिल ने वित्तीय वर्ष के अप्रैल से अक्टूबर 2023 में बॉइलर क्वालिटी प्लेटों के उत्पादन में 65,625 टन का रिकॉर्ड दर्ज किया है, जोकि अप्रैल से अक्टूबर 2021-22 में दर्ज 65,326 टन से अधिक है। हाई टेंसाइल प्लेटों के उत्पादन में 2,03,625 टन का रिकॉर्ड दर्ज किया है, जोकि अप्रैल से अक्टूबर 2022-23 में दर्ज 1,48,540 टन से अधिक है।

## भिलाई की जनता को देवेंद्र यादव पर विश्वास, लोगों ने कहा देवेंद्र नेता नहीं भिलाई का बेटा है

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई नगर विधायक और कांग्रेस के दमदार प्रत्याशी विधायक देवेंद्र यादव लगातार विश्वास यात्रा निकाल रहे है। इसी के साथ ही अब विधायक श्री यादव आम सभा लेना भी शुरू कर दिया है। बारी-बारी से हर वार्ड में विश्वास यात्रा निकाल कर जनसंपर्क कर रहे हैं।



भिलाई की जनता ने भी देवेंद्र यादव पर पूरा विश्वास जताया है। शहीद वीर नारायण सिंह सहित विभिन्न वार्ड में हुए आम सभा में वार्ड के नागरिकों ने कहा कि देवेंद्र यादव नेता नहीं भिलाई का बेटा है। पूरे भिलाई को उनका विश्वास है।

भिलाई की भलाई के लिए देवेंद्र यादव ने जितना काम किया है। जिस सिद्दत और लगन से काम करके पूरी प्लानिंग के साथ इन पांच साल में पूरे खुर्सीपार और छावनी में विकास की गंगा बहाकर पूरे क्षेत्र की तस्वीर ही बदल दी है। 8 नवंम्बर को विधायक श्री यादव ने भिलाई नगर विधानसभा के कई वार्ड में विश्वास यात्रा निकाली और आम सभा की। साथ ही घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। जहां हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और जीत का अशीर्वाद दिए। जनता ने श्री यादव पर पूरा विश्वास जताया और अपना भारी समर्थन दिया। डोर टू डोर जनसंपर्क के दौरान लोगों से मिले, सभी परिवार का हालचाल पूछा। बड़े बजुर्गों को हाथ जोड़कर प्रमाण किए। युवाओं से हाथ मिलाए और गले मिलकर अभिवादन किए। हजारों की संख्या में युवाओं की टीम भी विश्वास यात्रा में पूरे विश्वास के साथ घूम रही है।

इस दौरान विधायक श्री यादव ने कहा कि जो लोग 15 साल राज किए। मंत्री रहे, लेकिन अपने बंगले से बाहर नहीं निकले। विकास के नाम पर लोगों का घर तोड़ दिए। सैकड़ों लोगों को बेघर कर दिए। वे अब चुनाव में लोगों के बीच झूठ फैलने निकाले निकले है। ऐसे लोगों पर भरोसा मत करना है। ये लोग अपने हमारे कांग्रेस पार्टी का झंडा निकाल रहे है। वॉल पेंटिंग को मिटा रहे हैं। लेकिन भिलाई की जनता के दिलों से देवेंद्र यादव को कभी नहीं मिटा पाएंगे। चाहे ये लोग कितना भी झूठ फैला ले।

## महिलाओं ने रंगोली से उकेरे चुनई चिरई, 17 नवंबर को मतदान अवश्य करे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। भिलाई निगम क्षेत्र के नागरिक अभियान में जुड़ रहे है, इसी के तहत आज टाउनशिप क्षेत्र में महिलाओं ने निर्वाचन विषय पर रंगोली बनाकर 17 नवंबर को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए लोगो को प्रेरित किए। मतदान हमारा अधिकार है और स्वच्छ लोकतंत्र के लिए मतदान करना हर मतदाता का नैतिक कर्त्तव्य भी है इसलिए देश के प्रति अपना कर्तव्य को निभाते हुए मतदान करने का संकल्प लिए।




भिलाईनगर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर भिलाई निगम द्वारा जोन 5 क्षेत्र के सेक्टर 6 स्थित बांके बिहारी डोम शेड में बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्र हुई और जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप कार्यक्रम के तहत निर्वाचन विषयो को लेकर रंगोली उकेरे जिसमे आकर्षण का केंद्र चुनई चिरई रहा । महिलाओं ने रंगोली से अलग अलग संदेश दे रहे थे। किसी ने रंगोली से चुनावी मुहर तो किसी ने वोटिंग मशीन की प्रतिकृति उकेरे । कुछ महिलाओं ने सामूहिक रूप से रंगोली बना कर बताया आई एम प्राउड वोटर, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो जैसे नारे भी रंगोली से लिखे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं ने निष्पक्ष एवं निर्भिक होकर 17 नवंबर को स्वंय तथा अपने घर परिवार और अन्य नागरिकों को भी अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिए। भिलाई निगम क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर भिलाई निगम का द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950